# प्रदेश के बाहर रह रहे कामगारों को डिस्टेंस एजुकेशन का मौका देगी यूपीआरटीओयू



## ● साल में एक बार परीक्षा देने की होगी व्यवस्था, ऑनलाइन मोड में जमा कर सकते हैं असाइनमेंट

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**दो** पैसे कमाने के चक्कर में प्रदेश से बाहर गये कामगारों को अब अपनी पढ़ाई शुरू करने का मौका मिलेगा। ऐसे कामगारों के लिए उप्र राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय जल्द एक नई व्यवस्था शुरू करने जा रहा है। इसके तहत ऐसे लोगों को साल में एक बार आकर अपने चयनित सेंटर या रीजनल सेंटर पर रिटन एग्जाम देना होगा। बुधवार को यह जानकारी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर सत्यकाम ने यूनिवर्सिटी के रीजनल सेंटर में आयोजित एक कार्यशाला के दौरान आए सभी कोऑर्डिनेटर को दी।

इस अवसर पर मीडिया से बात करते हुए कुलपति ने कहा कि इस योजना को मूर्त रूप देने के लिए काम चल रहा है। जल्द ही इससे जुड़ी गाइडलाइन जारी कर दी जायेगी। डॉ. सत्यकाम ने बताया कि हमारी यूनिवर्सिटी स्टेट के अंदर ही ऑनलाइन कोर्सेज चलाने के लिए बाध्य है। इसके तहत हम उत्तर प्रदेश के रहने वाले लोगों को डिस्टेंस माध्यम से पढ़ाई पूरे करने का मौका देते हैं। उन्होंने बताया कि काफी संख्या में हमारे प्रदेश के रहने वाले युवा काम की तलाश में दूसरे प्रदेशों में जाते हैं। इनमें से ज्यादातर युवा हाईस्कूल व इंटरमीडिएट पास होते हैं और वह अपनी उच्च शिक्षा किसी कारणवश पूरी नहीं कर पाते हैं। उन्होंने बताया कि नौकरी के कारण ऐसे लोगों को पर्याप्त समय भी नहीं मिल पाता है कि वह साल में दो बार परीक्षा के लिए समय निकाल सके।

### ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के बाद ले सकते हैं प्रवेश

**इसके** तहत प्रदेश के बाहर रह रहे मजदूर कामगार और अन्य लोगो को विश्वविद्यालय में ऑनलाइन पंजीकरण करा कर किसी भी कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं। ऐसे लोगों को ऑनलाइन मोड में अपने असाइनमेंट व प्रैक्टिकल जमा करने का मौका मिलता रहेगा। साथ ही इन जैसे छात्रों को साल में दो बार आकर परीक्षा देने के बजाय साल में एक बार ही परीक्षा देने का मौका दिया जाएगा। उन्हें सेमेस्टर सिस्टम के तरह साल में दो बार आकर परीक्षा देने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

### दूसरे राज्यों के ओपन यूनिवर्सिटी से समन्वय स्थापित कर शुरू होंगे कई भाषाई कोर्स

**कुलपति** ने बताया कि विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश में बोली जाने वाली विभिन्न भाषाओं और बोलियां से जुड़े कोर्स को शुरू करेगा। इसके लिए पहले चरण में कुछ डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स शुरू होंगे, फिर अगले सत्र से इसमें स्नातक व परास्नातक स्तर के कोर्सेज शुरू किए जाएंगे। इसके अलावा उन्होंने बताया कि देश के दूसरे राज्यो में चल रहे ओपन यूनिवर्सिटी के साथ विश्वविद्यालय समन्वय स्थापित करेगा। और उनके यहां चल रहे कोर्सेज के सिलेबस को अपने यहां शामिल करेगा। इसके लिए जो भी जरूरी कदम होंगे वह उठाए जाएंगे इससे विश्वविद्यालय को अपने कोर्सों को अपग्रेड करने और नए विषय के लिए कोर्स तैयार करने में काफी सहूलियत होगी।

### ऑनलाइन स्टडी मैटेरियल लेने पर मिलेगा 15 फीसद की छूट

**कुलपति** डॉक्टर सत्यकाम ने बताया कि विश्वविद्यालय में छात्रों को दो तरह से स्टडी मैटेरियल मुहैया कराया जाता है। एक हमको उनको ऑफलाइन मोड में तो दूसरा ऑनलाइन मोड में स्टडी मैटेरियल देते हैं। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन स्टडी मैटेरियल को प्रमोट करने के लिए इस साल से नहीं व्यवस्था शुरू हुई है। जो भी स्टूडेंट ऑनलाइन स्टडी मैटेरियल लेंगे उन्हें 15 फीसद की छूट प्रदान की जायेगी। इसके अलावा किसी भी रिसोर्स सेंटर पर अगर कोई नया विषय शुरू करना है और उसे रिसोर्स सेंटर को उसे विषय से संबंधित शिक्षक नहीं है तो वह रीजनल सेंटर से समन्वय स्थापित करके वहां पर नया कोर्स शुरू कर कर सकता है। ऐसे केंद्रों पर रीजनल सेंटर से परीक्षक उपलब्ध करा दिए जाएंगे।

# ललितपुर में बनेगा प्रदेश का पहला फार्मा पार्क

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** के सभी जिलों में मेडिकल कॉलेजों की स्थापना के साथ ही यूपी मेडिकल उपकरणों का भी महत्वपूर्ण हब बनने जा रहा है। ऐसे में योगी सरकार दवाओं के निर्माण में चीन पर निर्भरता कम करने के लिए ललितपुर में पहला फार्मा पार्क बनाने जा रही है। जिससे दवाओं के कच्चे माल के आयात के लिए चीन पर निर्भरता कम होगी और यूपी दवा निर्माण के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनेगा।

मेडिकल इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में बड़े निवेशक राज्य के कई जिलों में निवेश कर रहे हैं। राज्य में बड़े निवेशकों के जरिए यूपी को मेडिकल इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरिंग तथा दवा निर्माण का हब बनाने और चिकित्सा सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सत्ता में आते ही कार्य शुरू किया था। इसके तहत ही उन्होंने राज्य में मेडिकल डिवाइस पार्क के निर्माण का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा। मुख्यमंत्री के इस निर्णय से हेल्थ सेक्टर में निवेश करने में निजी क्षेत्र के निवेशकों ने रुचि दिखायी। मेडिकल इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में जल्दी ही उत्तर प्रदेश का एक बड़ा हब बनाने के क्रम में नोएडा में मेडिकल डिवाइस पार्क की स्थापना को केंद्र सरकार की मंजूरी मिल गई है। इस पार्क के निर्माण को लेकर नोएडा में काम जारी है, इसके अलावा दवाओं के निर्माण के लिए भी सरकार ने बीते माह कई फैसले लिए हैं। जिसके चलते राज्य में वर्ष 2018 में बनाई गई फार्मास्यूटिकल नीति में संशोधन कर नई फार्मास्यूटिकल नीति लाने का फैसला किया है। इस नई नीति में किए जाने वाले संशोधनों से सरकार कच्चे माल के रूप में एक्टिव फार्मास्यूटिकल इनग्रेडिएंट (एपीआई) निर्माण करने वाली कंपनियों ने यूपी में आने की पहल की है। जल्दी ही दवा निर्माण के क्षेत्र में कार्यरत देश तथा विदेश की बड़ी दवा कंपनियां यूपी में आएंगी। दवाओं के कच्चे माल के आयात के लिए चीन पर निर्भरता कम होगी और यूपी दवा निर्माण के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनेगा। प्रदेश का पहला फार्मा पार्क ललितपुर में बनेगा।

### इलाज को लेकर मुख्यमंत्री कोटे से 3200 करोड़ से अधिक की मदद

**मुख्यमंत्री** की मंशा है कि पैसे के अभाव में इलाज से कोई वंचित न रहे। इसके लिए 5.11 करोड़ लोगों को आयुष्मान कार्ड से संतृप्त किया गया है। गंभीर रोगों से पीड़ित लोगों को भी मुख्यमंत्री के विवेकाधिकार कोटे से उदारता से मदद की जाती है। इसके तहत अब तक लोगों को 3200 करोड़ रुपए से अधिक की मदद दी जा चुकी है।

### शीघ्र मिलेगी कुछ और चिकित्सा संस्थानों की सौगात

**प्रदेश** को शीघ्र ही कुछ और बेहतरीन चिकित्सा संस्थानों की सौगात मिलने वाली है। लखनऊ में अटल बिहारी बाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय और गोरखपुर में प्रदेश का पहला महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय बनकर लगभग तैयार है। अयोध्या में राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज का निर्माण हो रहा है। वाराणसी में राजकीय होम्योपैथिक कॉलेज की स्थापना की गई है।

### नर्सिंग स्टॉफ की संख्या बढ़ाने पर भी जोर

**चिकित्सा** के क्षेत्र में चिकित्सकों के बाद नर्सिंग स्टॉफ की सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका होती है। एक तरीके से 24 घंटे मरीज उनकी निगरानी में ही रहता है। लिहाजा चिकित्सकों की संख्या बढ़ाने के लिए अगर सरकार एक जिला एक मेडिकल कॉलेज पर फोकस कर रही है तो नर्सिंग स्टॉफ की संख्या बढ़ाने में पर भी समान रूप से फोकस है। इस क्रम में 23 नर्सिंग कॉलेज भी स्थापित किए जा रहे हैं। अब तक नर्सिंग स्टॉफ में 7000 और पैरामेडिकल स्टॉफ में 2000 सीटों की वृद्धि की जा चुकी है।

### एक जिला, एक मेडिकल कॉलेज का सपना

**इसके** साथ ही मुख्यमंत्री योगी की मंशा हर जिले में एक-एक मेडिकल कॉलेज खोलने की है। इस योजना के तहत 65 मेडिकल कालेज बन चुके हैं। 22 निर्माणाधीन हैं। इनमें से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक साथ यूपी के नौ नए राजकीय मेडिकल कालेजों का लोकार्पण किया था। 2024 से सात नए मेडिकल कॉलेजों में पढ़ाई शुरू हो जाएगी। ये मेडिकल कॉलेज हैं, बिजनौर, बुलंदशहर, कानपुर देहात, कुशीनगर, ललितपुर, पीलीभीत, सुल्तानपुर। रेफरल केंद्र के रूप में गोरखपुर और रायबरेली एम्स भी योगी सरकार की ही देन हैं।

# 16 अगस्त को अटल श्रद्धांजलि समारोह: ब्रजेश पाठक

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**श्रद्धेय** पंडित अटल बिहारी वाजपेयी मेमोरियल फाउंडेशन द्वारा हर वर्ष की भांति इस साल भी उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह एवं एकल काव्य पाठ कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को फाउंडेशन की आहूत बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की गई। राजभवन कॉलोनी में आहूत बैठक में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि 16 अगस्त को अटलजी की पुण्यतिथि के अवसर पर शाम चार बजे से अटल बिहारी वाजपेयी साइंटिफिक कंवेंशन सेंटर (केजीएमयू, लखनऊ) में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए बैठक बुलाई गई थी। बैठक फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने अपने सुझाव साझा किए। कार्यक्रम में देश के विख्यात कवि डॉ. हरिओम पंवार एकल काव्यपाठ करेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष, भाजपा भूपेंद्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सहित तमाम गणमान्यजन उपस्थित रहेंगे। तैयारियों को लेकर आहूत बैठक में महानगर अध्यक्ष, भाजपा आनंद द्विवेदी, एमएलसी मुकेश शर्मा, डॉ.लालजी प्रसाद निर्मल, प्रदेश उपाध्यक्ष, भाजपा त्र्यंबक त्रिपाठी, रमेश तूफानी, शैलेंद्र सिंह अटल, प्रवीण गर्ग, सर्वेश अस्थाना, अमरनाथ मिश्रा, राजेंद्र अग्रवाल, अजय त्रिपाठी मुन्ना, अंजनी शुक्ला, डॉ गुरमीत सिंह आदि मौजूद रहे।

# स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को आने वाली पीढ़ी भी जाने

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बुधवार को डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, लखनऊ में काकोरी ट्रेन एक्शन और हर घर तिरंगा कार्यक्रम की बैठक की। उन्होंने निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार सभी तैयारियों को समयबद्ध और व्यवस्थित तरीके से सुनिश्चित किया जाए। उपाध्याय ने कहा कि आने वाली पीढ़ी भी अपने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान और योगदान के बारे में जानकारी हो, इसी उद्देश्य से ये पहल की जा रही है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में छात्रों के लिए स्वतंत्रता सेनानियों पर निबंध और भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा, छात्रों को स्वतंत्रता सेनानियों पर आधारित फिल्में दिखाई जाएं और सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाए। प्रतियोगिताओं के विजेता छात्रों को पुरस्कृत किया जाएगा और शहीद स्मारक स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा। उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने कहा कि काकोरी ट्रेन एक्शन और हर घर तिरंगा के कार्यक्रमों को पूरे उत्साह और देशभक्ति के साथ मनाया जाए। इस अवसर पर प्रमुख सचिव एम.पी. अग्रवाल, विशेष सचिव गिरिजेश त्यागी, शिपू गिरी सहित विश्वविद्यालय के कई अधिकारी उपस्थित थे।

# जमीन अधिग्रहण संबंधी किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने एलडीए वीसी को सौंपा ज्ञापन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**लखनऊ** विकास प्राधिकरण तथा आवास विकास द्वारा जनपद लखनऊ के विभिन्न गांवों में किसानों की सहमति के बगैर उचित मुआवजा न देते हुए किसानों की जमीन को अधिग्रहित किये जाने तथा अधिग्रहण सम्बन्धी अन्य समस्याओं को लेकर किसानों में जबरदस्त आक्रोश है। बुधवार को सम्बन्धित गांवों के किसान एवं जनप्रतिनिधियों का एक प्रतिनिधिमंडल जिला कांग्रेस कमेटी लखनऊ के अध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष से मिला तथा अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

इस मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि किसानों की तीन प्रमुख मांगों को लेकर कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल आज लखनऊ प्राधिकरण के उपाध्यक्ष से मिला। किसानों की आमदनी का साधन मात्र उनकी खेती योग्य पुश्तैनी जमीन हैं, जिसके माध्यम से किसान अपने परिवार एवं पशुओं का पालन पोषण करते हैं। खेती ही उनके जीविकोपार्जन का एकमात्र साधन है। वर्ष 2015 से किसानों की जमीन का सर्किल रेट नहीं बढ़या गया वह ज्यो का त्यो है। त्रिपाठी ने कि हम मांग करते हैं कि वर्ष 2015 के बाद मूल्यांकन कर जमीनों का सर्किल रेट बढ़ाया जाये और भूमिहीन किसानों को एक सरकारी नौकरी प्रदान की जाए जिससे वह अपने परिवार का पालन पोषण तथा उनकी दैनिक आवश्कताओं की पूर्ती कर सके। त्रिपाठी ने कहा कि गांव की आबादी से सटे खेतों को भूमि अधिग्रहण से मुक्त रखा जाए ताकि गांव के लोग अपनी जमीनों पर मकान बना सके।

इस मौके पर राम सिंह, राकेश सिंह, विनय त्रिपाठी, आदित्य शुक्ला, दुर्गेश यादव, राजाराम रावत, राजू वर्मा, सुनील कुमार, ज्योति, जागेश्वर रावत, गुड्डू तिवारी, शत्रोहन लाल, राजकुमार, गुड्डे सिंह, वीरेन्द्र यादव, अखिलेश कुमार आदि शामिल रहे।

# डेंगू व स्क्रब टाइफस की जांच के लिए निर्धारित शुल्क से अधिक नहीं ले सकेंगे निजी लैब

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बारिश** के मौसम में डेंगू की बीमारी के फैलने की आशंका को देखते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. मनोज अग्रवाल की तरफ बुधवार को निजी लैब के लिए निर्धारित शुल्क की सूची जारी कर दी गयी है। जारी दर से अधिक शुल्क निजी लैब नही ले सकेंगे। जबकि सरकारी अस्पतालों में यह जांच मुफ्त है।

| जांच | शुल्क |
|---|---|
| एनएस1 लैब में | 1200 |
| एनएस1 घर पर | 1300 |
| एमएस कार्ड टेस्ट | 1000 |
| चिकनगुनिया | 1200 |
| चिकनगुनिया पीसीआर | 1700 |
| स्क्रब टाइफस एलाइजा | 1200 |
| स्क्रब टाइफस घर पर | 1300 |
| प्लेटलेट काउंट लैब में | 100 |
| प्लेटलेट काउंट घर पर | 200 |
| 1 यूनिट प्लेटलेट | 400 |

# बांग्लादेशी छात्रों संग लविवि के अधिकारियों ने किया संवाद



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बांग्लादेश** में जारी राजनीतिक अस्थिरता के बीच जनहानि को देखते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय से पढ़ाई कर रहे बांग्लादेशी छात्र अपने परिजनों और रिश्तेदारों को लेकर चिंतित हैं। बुधवार को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय के निर्देश पर विश्वविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारियों की टीम ने आचार्य नरेंद्र देव अंतरराष्ट्रीय छात्रावास एवं बीरबल साहनी महिला छात्रावास में अंत: वासियों के साथ विशेष संपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो संगीता साहू, चीफ प्रोवोस्ट प्रो अनूप कुमार सिंह, प्रॉक्टर प्रो राकेश द्विवेदी, निदेशक अंतरराष्ट्रीय प्रकोष्ठ प्रो आरपी सिंह और संबंधित प्रोवोस्ट ने छात्र छात्राओं से उनके दैनिक जीवन एवं अध्ययन से संबंधित बातें की। टीम ने बांग्लादेश के छात्र छात्राओं से विशेष संवाद स्थापित किया और उनके परिवार, और उनके विषय में व्यापक चर्चा किया। प्रो आलोक कुमार राय ने बांग्लादेशी विद्यार्थियों से निरंतर संपर्क में रहने और उन्हें भावनात्मक एवं शैक्षिक दृष्टि से विशेष गाइडेंस और काउंसलिंग के निर्देश दिए और कुछ छात्र छात्राओं से संपर्क किया।

# एकेटीयू में दूसरे दिन तक बीटेक के लिए 27 हजार ने किया च्वॉइस फिल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**डॉ.** एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्याल की ओर से प्रदेश के इंजीनियरिंग एवं मैनेजमेंट संस्थानों में प्रवेश के लिए चल रही रही पहले राउंड की काउंसलिंग के तहत चॉइस फिलिंग के दूसरे दिन बीटेक में करीब 27 हजार अभ्यर्थियों ने अपनी सीट चुनी। जबकि एमबीए एवं एमसीए के लिए 14 सौ ने चॉइस फिल किया। चॉइस फिलिंग 8 अगस्त तक चलेगा। वहीं सीट अलॉटमेंट अगस्त को होगा।

**कॉपियों में अपनी पहचान या मोबाइल नंबर लिखने वाले परीक्षार्थियों का कम किया जाएगा एक ग्रेड:** डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में बुधवार को कुलपति प्रो जेपी पांडेय की अध्यक्षता में परीक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि परीक्षा के दौरान कॉपियों में अपनी पहचान या मोबाइल नंबर लिखने वाले परीक्षार्थियों को अब फेल नहीं किया जाएगा। बल्कि ऐसे परीक्षार्थियों को मिलने वाली ग्रेड को एक ग्रेड कम कर परीक्षाफल घोषित कर दिया जाएगा। यह नियम सत्र 2023-24 में सम एवं विषय सेमेस्टर में शामिल परीक्षार्थियों से लागू किया जाएगा। इसके अलावा बैठक में अंतिम वर्ष के नियमित ऐसे छात्र जिनका अंतिम वर्ष के किसी विषय में कैरीओवर है उनके लिए अक्टूबर महीने में अलग से परीक्षा आयोजित की जाएगी।

**एकेटीयू में आज लगेगी अंतरिक्ष प्रदर्शनी:** विश्वविद्यालय गुरूवार को अंतरिक्ष में भारत की बढ़ती धाक का उत्सव मनायेगा। चंद्रमा पर भारत के पहले कदम पर 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस को उत्सव के रूप में मनाने के लिए विश्वविद्यालय परिसर में इनोवेशन हब, इसरो और इस्ट्रैक के सहयोग से गुरुवार को अंतरिक्ष प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इसका थीम चंद्रमा को छूकर जीवन को छूना भारत की अंतरिक्ष गाथा होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह साढ़े नौ बजे से होगा। प्रदर्शनी की अध्यक्षता कुलपति प्रो जेपी पाण्डेय करेंगे तो बतौर मुख्य अतिथि इसरो इस्ट्रैक के निदेशक बीएन रामकृष्ण रहेंगे। इस दौरान विश्वविद्यालयों और स्कूलों के करीब एक हजार छात्र कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में अंतरिक्ष विज्ञान और तकनीक के रोमांचक क्षेत्र झलक मिलेगी जैसे चंद्रयान, विक्रम लैंडर, गगनयान और भी बहुत सारे। ये सारे मॉडेल्स इसरो नें बैंगलोर से भेजे हैं। कार्यक्रम में इस्ट्रैक के उप निदेशक और लियोस के वरिष्ठ वैज्ञानिक सहित अन्य अंतरिक्ष विशेषज्ञ अंतरिक्ष से जुड़ी बातों को साझा करेंगे। साथ ही एआई-आधारित इसरो स्पेस एजेंट की शुरूआत होगी। 85 भाषाओं में अंतरिक्ष-संबंधित प्रश्नों का उत्तर देने में यह उपकरण सक्षम होगा। इस मौके पर छात्रों को एक रोमांचक अंतरिक्ष प्रश्नोत्तरी का आयोजन होगा। जिसमें छात्र के अंतरिक्ष से जुड़े अपने ज्ञान का प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा। क्विज का उद्देश्य युवाओं के बीच अंतरिक्ष विज्ञान की गहरी समझ और सराहना को बढ़ावा देना है। इसके अलावा विजेता को सम्मानित भी किया जाएगा। कार्यक्रम में अंतरिक्ष दिवस वीडियो की स्क्रीनिंग भी होगी, जिसमें भारत के चंद्र मिशन और उसके महत्व का जश्न मनाया जाएगा।

# स्वस्थ यूपी के लिए आयोजित होंगे 1.72 लाख से अधिक आरोग्य मेले

## ● हर माह 13 से 16 हजार आरोग्य मेले लगाने का लक्ष्य

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**योगी** सरकार प्रदेश की जनता के उत्तम स्वास्थ्य को लेकर विभिन्न कार्यक्रम चला रही है। सरकारी अस्पतालों के कायाकल्प से लेकर सुपर स्पेशियल्टी अस्पतालों के निर्माण के साथ ही स्वास्थ्य मेलों के आयोजन से बड़ी आबादी को लाभान्वित किया गया है। इन प्रयासों में सबसे महत्वपूर्ण पहल आरोग्य मेला को अगले एक साल तक बड़े पैमाने पर आयोजित करने के निर्देश मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग को दिए हैं। इसके बाद विभाग अगस्त 2024 से जुलाई 2025 तक प्रदेश के सभी 75 जिलों में 1 लाख 72 हजार से अधिक आरोग्य मेला का आयोजन करेगा। ये मेले प्रदेश के तीन हजार से अधिक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रत्येक रविवार को आयोजित किये जाएंगे।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप प्रदेश के 3,388 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रत्येक रविवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आरोग्य मेला का आयोजन किया जाएगा। हर माह कुल 13 से 16 हजार आरोग्य मेलों का आयोजन होगा। इनमें विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा ओपीडी के साथ ही टीबी, डेंगू, मलेरिया, दिमागी बुखार, कालाजार, फाइलेरिया और कुष्ठ जैसे रोगों के होगा इलाज और इनसे संबंधित स्वास्थ्य परामर्श दिए जाएंगे। वहीं इस दौरान प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान की जानकारी तथा पात्र लाभार्थियों को गोल्डेन कार्ड भी वितरित किए जाएंगे। इसके अलावा गर्भावस्था एवं प्रसवकालीन परामर्श तथा सेवाएं प्रदान की जाएंगी। साथ ही पूर्ण टीकाकरण परामर्श भी दिया जाएगा। यही नहीं बच्चों में डायरिया एवं निमोनिया के रोकथाम, बचाव एवं उपचार की जानकारी और सुविधाएं दी जाएंगी। साथ ही कुपोषित बच्चों का चिह्निकरण करते हुए उनके उपचार के लिए समुचित कार्रवाई की जाएगी।

### इन माह में आयोजित होंगे कितने आरोग्य मेले

**योगी** सरकार अगस्त 2024 से जुलाई 25 तक प्रदेश के सभी 75 जिलों में 1,76,176 आरोग्य मेलों का आयोजन करेगी। इनमें इस वर्ष अगस्त में 13,552, सितंबर में 16,940, अक्टूबर में 13,552, नवंबर में 13,552 और दिसंबर में 16,940 आरोग्य मेलों का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद 2025 में जनवरी माह में 13,552, फरवरी में 13,552, मार्च में 16,940, अप्रैल में 13,552, मई में 13,552, जून में 16,940 और जुलाई में 13,552 आरोग्य मेले आयोजित किये जाएंगे।

# भू-माफिया के खिलाफ करें कड़ी कार्रवाई: योगी

## मुख्यमंत्री ने की अंबेडकरनगर के विकास कार्यों व कानून व्यवस्था की समीक्षा

● जिले के टॉप 10 अपराधियों की सूची थाने में लगाने के लिए पुलिस को दिए निर्देश




**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ अंबेडकरनगर

**दो** दिवसयीय अयोध्या दौरे के बाद एक दिवसीय दौरे पर अम्बेडकर नगर पहुंचे सीएम योगी ने बुधवार को जनपद में विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक की। सीएम योगी ने बैठक में कहा कि जनपद के टॉप 10 अपराधियों की सूची थानों में लगाई जाए। साथ ही नकल, पशु, खनन और भू-माफिया आदि पर प्रभावी कार्रवाई करें। जनपद में भय मुक्त वातावरण बनाए रखें, महिलाओं की सुरक्षा पर शीर्ष प्राथमिकता दी जाए। इसके लिए एंटी रोमियो स्क्वाड टीम को पुनः क्रियाशील करें। जनपद स्तरीय अधिकारी जनसुनवाई- संवाद सुनिश्चित करें। आईजीआरएस एवं मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का ससमय एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। शिकायतकर्ता की संतुष्टि शीर्ष प्राथमिकता प्रदान की जाय। उन्होंने कहा कि त्रिनेत्र अभियान का सफल क्रियान्वयन करते हुए प्रत्येक निकाय एवं ग्राम पंचायत पर इसे पहुंचाना एवं जोड़ना है।

कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में सीएम योगी ने मेडिकल कॉलेज की कार्य पद्धति को ठीक करने व नियमित समीक्षा करने और जिन तहसीलों में अग्निशमन केंद्र नहीं है, वहां का प्रस्ताव प्रेषित करने के निर्देश भी दिए। सीएम योगी ने कहा कि बाढ़ की तैयारियां पूर्व से ही सुनिश्चित करें बाढ़ प्रभावित व्यक्तियों/ परिवारों को दी जाने वाली राहत सामग्री की क्वांटिटी तथा क्वालिटी में किसी प्रकार की कंप्रोमाइज ना करें। हर घर झंडा अभियान के अंतर्गत भारत ज्ञान शांत तिरंगा को प्रत्येक घर पर फहराया जाए इससे स्वयंसेवी संगठनों आदि को भी जोड़ा जाए काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव 9 अगस्त 2024 को समारोह पूर्वक मनाया जाए। इस दौरान उन्होंने पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किया कि समारोह के दौरान जनपद में कानून व्यवस्था बेहतर बनाए रखें। समीक्षा बैठक के दौरान सीएम योगी द्वारा जनपद में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा ट्रांसफार्मर खराब होने की दशा में ग्रामीण क्षेत्रों मे अधिकतम 24 घंटे तथा शहरी क्षेत्रों में अधिकतम 12 घंटे के अंदर ट्रांसफार्मर बदलने हेतु निर्देशित किया गया तथा जिलाधिकारी को विद्युत आपूर्ति की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए गए। जल जीवन मिशन (हर घर जल योजना) के अंतर्गत कराए जा रहे समस्त ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने तथा इस योजना के तहत किए गए रोड कटिंग के कार्यों को शत प्रतिशत ठीक कराने के निर्देश अधिशासी अभियंता जल निगम को दिए गए। पशुपालन विभाग से पशुओं के टीकाकरण तथा अन्य व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी लिया गया। पशुपालन विभाग को निर्देशित किया गया कि कोई भी पशु इधर-उधर रोड पर व बाहर घूमते न मिले। पशु आश्रय स्थलों में पशुओं के लिए हरा चारा, स्थलों की साफ सफाई तथा अन्य सुविधाओं का विशेष ध्यान दिए जाने का निर्देश दिए गए। बैठक में सीएम योगी द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि संचारी रोग के तहत मलेरिया, डेंगू पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जागरूकता अभियान, फागिंग एवं एंटी लारवा का छिड़काव आदि की तैयारी पूर्व से ही कर ली जाए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को जनपद के अवशेष परिषदीय विद्यालयों को भी कायाकल्प के सभी मानकों से आच्छादित करने का कार्य शीघ्र पूर्ण करने तथा प्रत्येक विद्यालयों में शिक्षक- छात्र अनुपात को ठीक कराने के निर्देश दिए गए। जिला विद्यालय निरीक्षक को विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु नियमित विद्यालयों का भ्रमण करने के निर्देश दिए गए।

# समाज को जातियों में बांटने और लड़ाने में जुटा है विपक्ष: मुख्यमंत्री



● अंबेडकरनगर में कार्यकर्ताओं से कहा, भाजपा के विकास के एजेंडा और विपक्ष के विनाशकारी प्रोपेगेंडा के बीच होगा उपचुनाव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ अंबेडकर नगर

**एक** दिवसीय दौरे पर अंबेडकर नगर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस दौरान सीएम योगी ने उन्हें जीत का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा उपचुनाव भाजपा के विकास के एजेंडा और विपक्ष के विनाशकारी प्रोपेगेंडा के बीच होगा। सीएम योगी ने कहा कि समाज को जातियों में बांटने और लड़ाने में जुटा विपक्ष लोकसभा चुनाव की तरह ही विधानसभा उपचुनाव में भी जानता के बीच सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों से झूठी अफवाह फैला सकता है। इसको ध्यान में रखते हुए पार्टी पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि प्रत्येक मंच से विपक्ष के झूठ का पर्दाफाश करें। उन्होंने कहा कि पार्टी पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि जानता के बीच जाएं और उनसे संवाद बनाएं।

सर्किट हाउस में हुई बैठक में सीएम योगी का फोकस कटेहरी विधानसभा उपचुनाव को लेकर रहा। इस दौरान उन्होंने कहा कि चुनाव जीतने के लिए बूथ प्रबंधन सबसे महत्वपूर्ण है। सीएम योगी ने कहा कि अगर हमने बूथ जीत लिया तो समझिए चुनाव भी जीत लिया। उन्होंने सभी बूथ समितियों को सक्रिय करने की बात कहते हुए कहा कि हर बूथ का सत्यापन कर बूथ स्तरीय पदाधिकारियों को सक्रिय किया जाए। सीएम योगी ने कहा कि पन्ना प्रमुख चुनावी रणनीति को कामयाब बनाते हैं इसलिए इनकी तैनाती जल्द से जल्द की जाए। यही मतदाताओं को बूथ तक ले आते हैं। सीएम योगी ने पन्ना प्रमुखों के प्रशिक्षण की बेहतर व्यवस्था के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि एवं पार्टी के पदाधिकारी को कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद बनाएं। साथ ही कार्यकताओं को लाभार्थियों से लगातार संपर्क स्थापित करते रहने के लिए प्रेरित करें। सीएम योगी ने कहा कि सरकार हर वर्ग के लिए विकास योजनाएं चला रही हैं। इसका लाभ भी आमजन को मिल रहा है। हमारे कार्यकर्ता हर हाल में आमजन से जुड़कर विकास के मुद्दे लोगों तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि संविधान की रक्षा भाजपा सरकारों के समय ही की गई। कांग्रेस के समय में अनेक चुनी हुई सरकारों को बर्खास्त किया गया। सीएम ने कार्यकर्ताओं से कहा कि विपक्षियों के दोहरे रवैये की पोल जनता के सामने खोंले। सीएम योगी ने कहा कि कार्यकर्ता विपक्ष की गुमराह करने की राजनीति का जवाब दें। इसके लिए पदाधिकारियों को सक्रिय रहना होगा। लोकसभा चुनाव में विपक्षियों ने जनता से छलावा किया है। उन्होंने कहा कि संविधान की रक्षा भाजपा सरकारों के समय ही की गई। कांग्रेस के समय में अनेक चुनी हुई सरकारों को बर्खास्त किया गया। सीएम ने कार्यकर्ताओं से कहा कि विपक्षियों के दोहरे रवैये की पोल जनता के सामने खोंले। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों की शिकायतों को सुना तथा इसके निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

# 'सम्भव' पोर्टल पर आने वाली शिकायतों का समाधान करायें: एके शर्मा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**नगर** विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि प्रदेश की विद्युत व्यवस्था को पटरी में लाने के लिए सभी विद्युत कार्मिक अपने कार्य दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी से करें। उपभोक्ताओं की शिकायतों को गंभीरता से लें, शिकायतों के समाधान में संवेदनशीलता बरतें, लोगों की मजबूरी का फायदा न उठाएं, बल्कि उनकी परेशानियों में हमदर्द बनकर सहयोग करें। साथ ही 1912 में आई शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करायें। ऐसी व्यवस्था बनाएं कि समस्या ही न पैदा हो। उन्होंने कहा कि सभी कार्मिक अपने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के संपर्क में रहें, उनके द्वारा दिए गए सुझावों और मुद्दों पर गंभीरता से कार्य करें।

ऊर्जा मंत्री एके शर्मा बुधवार को नगरीय निकाय निदेशालय, लखनऊ में सभी डिस्काम के साथ विद्युत कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने सभी एमडी को निर्देश दिए कि डिस्काम के जिन क्षेत्रों में खासतौर पर शहरी फीडर में 60 से 70 प्रतिशत लाइन लॉस है, वहां पर विद्युत चोरी रोकने के लिए विजिलेंस कार्रवाई करें। विद्युत चोरी में संलिप्त वहां के विद्युत कार्मिकों पर भी सख्त कार्रवाई करें। विद्युत चोरी करने वाले और करवाने वाले कार्रवाई से बचने नहीं चाहिए, जहां पर भी लाइन लॉस ज्यादा है वहां पर पूरा ध्यान दें, विद्युत चोरी में संलिप्त लोग विभाग के राजस्व को नुकसान पहुंचा रहे, यह अब मंजूर नहीं होगा। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि विगत 02 वर्षों में इस बार बरसात में सबसे ज्यादा शिकायतें आयीं, विद्युत कटौती बंद होनी चाहिए, निर्धारित शेड्यूल में सभी क्षेत्रों को विद्युत आपूर्ति की जाए। विद्युत कार्यों हेतु लिये गए शटडाउन के दौरान सभी कार्य कराए जाएं, खासतौर से ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत कार्यों को शटडाउन के समय ही कराया जाए। लोग ट्रिपिंग और लो वोल्टेज से परेशान हैं, लखनऊ के गोमतीनगर और इंदिरानगर जैसे पास इलाके में भी ट्रिपिंग हो रही है, विद्युत कार्मिक ऐसी व्यवस्था बनाये हुए हैं, यह शीघ्र बंद होनी चाहिए। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि किसानों के निजी नलकूप कनेक्शन के लिए जरूरी विद्युत सामग्री की आपूर्ति समय से की जाए। ट्रांसफार्मर जलने पर समय से उसकी रिपेयरिंग हो, इसके लिए वर्कशॉप की व्यवस्था ठीक से संचालित करायें, जहां पर भी संभव हो सके, वहां पर ऐसी स्थिति में ट्राली ट्रांसफार्मर लगवा कर विद्युत आपूर्ति बहाल रखें। उन्होंने निर्देश दिया कि 'सम्भव' पोर्टल के तहत सभी स्तरों पर जनसुनवाई की जाए और जनसुनवाई में आई शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए समाधान करायें।

### विद्युत व्यवस्था को और बेहतर बनाना है: डॉ. आशीष कुमार गोयल



पावर कारपोरेशन अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने बैठक में कहा कि प्रदेश की विद्युत व्यवस्था को और बेहतर बनाना है। सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि उनके क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बेहतर रहे। समीक्षा में आज वाणिज्य एवं तकनीकी 14 बिन्दुओं पर समीक्षा की गयी। जिसमें असिस्टेड बिलिंग, नेवर पेड उपभोक्ता, आईडीएफ प्रकरण, 10 केवी से ऊपर के उपभोक्ताओं पर शतप्रतिशत डबल मीटरिंग, विद्युत चोरी रोकने हेतु विजिलेन्स रणनीति, सही बिलिंग, झटपट एवं निवेश मित्र तथा आरडीएसएस तथा बेहतर विद्युत आपूर्ति के लिये किये जा रहे कार्यों आदि की समीक्षा की गयी।

# 49 सालों में 1.13 करोड़ हिन्दू बांग्लादेश छोड़ने पर मजबूर हुए: डॉ. राजेश्वर सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**बांग्लादेश** में जारी हिंसा और राजनीतिक उथल-पुथल के बीच अल्पसंख्यक हिन्दुओं, उनके प्रतिष्ठानों और धार्मिक स्थलों को निशाना बनाए जाने की ख़बरों के बीच सरोजनीनगर से भाजपा विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने बांग्लादेश के हिन्दुओं पर हो रही हिंसा के विरुद्ध सभी को एकजुट होने की अपील की।

विधायक डॉ. सिंह ने बुधवार को अपने आधिकारिक एक्स (ट्विटर) पर पोस्ट कर लिखा कि इस्लामिक देशों में हिंदुओं को जिस गंभीर स्थिति का सामना करना पड़ रहा है, उसके खिलाफ सभी को आवाज उठानी चाहिए। पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में हिन्दु आबादी उत्पीड़न और भेदभाव से गंभीर रूप से प्रभावित हुई है। विधायक ने जनसांख्यिकी परिवर्तन से जुड़े आंकड़े प्रस्तुत करते हुए लिखा कि 1947 के विभाजन के बाद से, जबकि भारत की मुस्लिम आबादी 9फीसद से बढ़कर लगभग 16फीसद हो गई है, बांग्लादेश में हिन्दु आबादी 23फीसद से घटकर केवल 7 फीसद रह गई है। सुनियोजित हिंसा और भारत में अवैध प्रवासन इस गिरावट का स्पष्ट संकेतक है। वर्ष 1964 से वर्ष 2013 के बीच, अनुमानित 1.13 करोड़ हिन्दु धार्मिक उत्पीड़न के कारण बांग्लादेश छोड़ने पर मजबूर हुए, 1971 के नरसंहार के दौरान करीब 24 लाख हिन्दु मारे गये। सरोजनीनगर विधायक ने आगे जोड़ा कि इन देशों में हिंदुओं को अपनी सुरक्षा, संपत्ति और धार्मिक स्वतंत्रता पर लगातार खतरों का सामना करना पड़ता है। मंदिरों को तोड़ा गया, घरों में तोड़फोड़ की गई और पूजा स्थलों को नष्ट कर दिया गया। यह हिंसा आज भी जारी है, हाल की रिपोर्टों में चंद्रपुर और भारतीवाड़ा जैसे जिलों में हिन्दु परिवारों को भारी नुकसान और भय का सामना करना पड़ा है।

# मध्य कमान में हुई सभी 24 छावनी परिषदों की यूनियन की संयुक्त बैठक

● कर्मचारियों के हित में विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रधान** निदेशालय, रक्षा संपदा, मध्य कमान, लखनऊ में बुधवार को मध्य कमान की सभी 24 छावनी परिषदों की यूनियन की जेसीएम (संयुक्त परामर्शदात्री तंत्र) मीटिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भावना सिंह, प्रधान निदेशक, रक्षा संपदा मध्य कमान द्वारा की गई। पिछली जेसीएम 2012 में आयोजित की गई थी। निदेशालय के अधिकार क्षेत्र में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड एवं मध्य प्रदेश में स्थित 24 छावनी परिषदों के यूनियन प्रतिनिधियों ने भाग लिया। तमिलनाडु से यूनियन प्रतिनिधि पीटर दुरईराज एवं पी. बालाकृष्णन ने भी भाग लिया। कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ. दीर्घ नारायण यादव, निदेशक ने सभी छावनी परिषदों से आए कर्मचारी यूनियनों के प्रतिनिधियों का स्वागत किया एवं जेसीएम में प्रस्तुत विचारणीय बिन्दुओं / मांगों की रूपरेखा बताई। मीटिंग में छावनी परिषदों के यूनियनों के साथ कर्मचारियों के हित में विभिन्न मुद्दो पर विचार विमर्श किए गए। मुख्यतः अनुकंपा नियुक्ति, वर्दी भत्ता, एसीपी, सेवानिवृत्ति के मामले, वेतन भत्ते एवं छावनी परिषदों के विलय से होने वाली समस्याओं एवं भविष्य आदि विषयों पर चर्चा की गई। सभी यूनियनों के प्रतिनिधियों को सुना गया एवं उनके मुद्दों पर गंभीरता पूर्वक विचार कर समस्याओं को हल करने हेतु आश्वासन दिए गए। संबंधित छावनियों से आए प्रतिनिधियों को आदेश दिए गए कि निश्चित समयावधि में समस्याओं का निस्तारण किया जाए। मीटिंग में अध्यक्ष ने यूनियनों को प्रशासन के साथ सहयोग से कार्य कर कर्मचारी कल्याण की अपील की। कार्यक्रम के अंत में निदेशक द्वारा सभी प्रतिनिधियों एवं मीडिया कर्मियों को धन्यवाद दे कर मीटिंग समाप्त की गई।

# निर्यातकों के अनुरूप नीतियों को सुगम बनाया जाए:दिनेश प्रताप सिंह

**लखनऊ।** उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने बुधवार को मंडी परिषद सभागार में कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रदेश के निर्यातकों के साथ वृहद स्तर पर बैठकें आयोजित की जायें। निर्यातकों द्वारा निर्यात किये जाने वाले उत्पादों का विवरण रखा जाय। इसके साथ ही निर्यातकों के अनुरूप नीतियों को सुगम बनाने का कार्य किया जाय। उन्होंने कहा कि कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात विभाग प्रदेश के सभी कृषि निर्यातकों का केन्द्र है। उ.प्र. कृषि निर्यात नीतियों एवं सुविधाओं के बारें में अधिक से अधिक व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाय, ताकि इन योजनाओं एवं सुविधाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंच सके। मंत्री सिंह ने बताया कि विपणन परिज्ञान के अन्तर्गत 211 कृषि बाजारों के भाव को विभागीय वेबसाईट व मोबाइल ऐप पर प्रतिदिन उपलब्ध कराया जा रहा है। ई-नाम के अन्तर्गत 125 चयनित मण्डियों में गुणवत्ता जांचने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि माह जून 2024 तक 42 सीधा थोक क्रय लाइसेंस जारी करने के साथ ही 10 निजी स्थलों को शासन द्वारा मण्डी उप स्थल घोषित किये गये है। उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में जीआई टैग को एक ट्रेडमार्क के रूप में देखा जाता है।

# खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के तहत धान खरीद की तैयारियां शुरू

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार के निर्देशों के क्रम में प्रदेश में किसानों को बेहतर से बेहतर सुविधाएं सुलभ कराने और किसानों को उनकी उपज का वाज़िब मूल्य दिलाने के उद्देश्य से आगामी खरीफ सीज़न में धान खरीद की तैयारी अभी से शुरू कर दी गयी हैं। प्रदेश सरकार ने खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में किसानों से धान क्रय करने की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि किसान जब खरीद केन्द्रों पर जाए तो उन्हें कोई असुविधा न हो। प्रदेश सरकार ने मूल्य समर्थन योजना के तहत आगामी 1 अक्टूबर, 2024 से पश्चिमी उत्तर प्रदेश और 1 नवम्बर, 2024 से पूर्वी उत्तर प्रदेश के जिलों में किसानों से सीधे धान की खरीद शुरू करने के निर्देश दिए हैं। खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा इस सम्बन्ध में आवश्यक समय-सारिणी जारी की जा चुकी है। यह जानकारी प्रमुख सचिव, खाद्य एवं रसद, आलोक कुमार ने देते हुए बताया कि जारी समय-सारिणी में अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि ई-टेण्डर के माध्यम से हैण्डलिंग ठेकेदारों की नियुक्ति, परिवहन हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्राप्त दरों का अनुमोदन प्राप्त कर परिवहन ठेकेदारों की नियुक्ति पश्चिमी उप्र के जनपदों में 25 अगस्त, 2024 और पूर्वी उप्र के जनपदों में 31 अगस्त, 2024 तक कर लिया जाय। उन्होंने बताया कि जारी समय-सारिणी में निर्देश दिए गये हैं कि ई-उपार्जन हेतु क्रय के केन्द्रों पर कम्प्यूटर, लैपटॉप, आईपैड, ई-पॉप, इन्टरनेट व अन्य आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता एवं संचालन में आने वाली कठिनाईयों का निराकरण, क्रय केन्द्रों पर बोरे की उपलब्धता और सत्यापन, स्टाफ की तैनाती सम्बन्धी व्यवस्था, किसानों की सुविधा की व्यवस्था, इलेक्ट्रानिक कांटा, छन्ना, नमी मापक यंत्र, जनरेटर, बैनर की व्यवस्था और धान व चावल के गुणवत्ता परीक्षण हेतु उपकरण की व्यवस्था आगामी 15 सितम्बर 2024 तक पश्चिमी यूपी के जनपदों में और 15 अक्टूबर, तक पूर्वी यूपी के जनपदों में कर ली जाय।

# चीनी निर्यात शुरू करने को लेकर जयंत ने लिखा पत्र

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राष्ट्रीय** लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं शिक्षा राज्य मंत्री भारत सरकार जयन्त चौधरी ने भारत के उपभोक्ता मामले खाद एवं सार्वजनिक वितरण तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग के केन्द्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी को पत्र लिखकर चीनी की निर्यात की अनुमति देने की मांग की है। बुधवार को राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने उनके पत्र की प्रति जारी करते हुए बताया कि जयन्त चौधरी ने लिखे हुए पत्र में कहा है कि भारतीय चीनी और जैव-ऊर्जा निर्माताओं संघ (ढ्ढस्क्र) द्वारा जारी किए गए आगामी मौसम 2024-25 के लिए प्रारंभिक चीनी उत्पादन अनुमान की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ, जिसके अनुसार लगभग 333 लाख टन चीनी उत्पादन का अनुमान लगाया गया है। आगामी मौसम के लिए 01.10.2024 को 90 लाख टन का प्रारंभिक भंडार मानते हुए, कुल चीनी उपलब्धता लगभग 423 लाख टन होगी। घरेलू जरूरतों को देखते हुए लगभग 290 लाख टन की पूर्ति के बाद, लगभग 133 लाख टन चीनी उपलब्ध होगी, जो कि 55 लाख टन के मानक चीनी भंडार से काफी अधिक है। यह उल्लेख करना आवश्यक नहीं है कि चीनी की अधिशेष उपलब्धता घरेलू चीनी बाजार पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है जिससे चीनी की कीमतों में गिरावट आ सकती है। इसके अलावा, अधिशेष भंडार चीनी मिलों पर इसके भंडारण लागत के कारण एक अतिरिक्त बोझ भी होगा।

# कुकरैल वन क्षेत्र में की गई 'स्मृति वन' की स्थापना

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**अवध** वन प्रभाग, लखनऊ द्वारा बुधवार को कुकरैल वन क्षेत्र में 'स्मृति वन' की स्थापना की गई। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में भारतीय वन सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारियों ने पौधारोपण किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. अरुण कुमार, माननीय राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), वन, पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार, और विशिष्ट अतिथि श्री मनोज सिंह, अपर मुख्य सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार, और श्री एस.के. शर्मा, प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश, उपस्थित रहे।

'स्मृति वन' का उद्देश्य भारतीय वन सेवा के उन सभी अधिकारियों की स्मृति को जीवित रखना है जिन्होंने पिछले तीन या चार दशकों में वन एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस स्मृति वन में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किए गए, जिनमें मौलश्री, अमलताश, हरसिंगार और सीता अशोक प्रमुख हैं। मुख्य अतिथि डॉ. अरुण कुमार ने अपने उद्बोधन में सेवानिवृत्त अधिकारियों से अपने अनुभवों और सुझावों को साझा करने का अनुरोध किया ताकि वन विभाग को पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में निरंतर मार्गदर्शन मिलता रहे और 36.50 करोड़ वृक्षारोपण के लक्ष्य को और बेहतर बनाया जा सके। इस अवसर पर संजय श्रीवास्तव, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य जीव), श्री सुनील चौधरी, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (अनुश्रवण एवं कार्ययोजना), और अशोक कुमार, प्रधान मुख्य वन संरक्षक, सहित वन विभाग के उच्च अधिकारी भी उपस्थित रहे। रेणु सिंह, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक/मुख्य वन संरक्षक, लखनऊ मंडल, ने सभी सेवानिवृत्त अधिकारियों का स्वागत करते हुए उन्हें मोमेंटो भेंट किया। डी.एफ.ओ. लखनऊ सितान्शु पाण्डेय के निर्देशन में यह वृक्षारोपण कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। 'स्मृति वन' में भविष्य में सेवानिवृत्त अधिकारी कुकरैल वन क्षेत्र में आकर 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण कर अपनी सहभागिता दर्ज करा सकते हैं, जैसा कि प्रधानमंत्री ने आह्वान किया है।

# ज्वैलर्स से लाखों का सोना लेकर कारीगर फरार, केस दर्ज

**संवाददाता।** मोहनलालगंज

**जेवर** बनाने के लिए ज्वैलर्स से लाखों का सोना लेकर कारीगर मोबाइल बंद कर फरार हो गया। कारीगर का घर भी किराए का निकला। जिसके बाद ज्वैलर्स ने थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। मोहनलालगंज नगर पंचायत निवासी रजत गुप्ता की कस्बे में ही ज्वैलरी शॉप है।

रजत ने बताया उन्होंने जेवर बनाने के लिए अपने कारीगर आशीष को 300 ग्राम सोना दिया था। लेकिन दो माह तक कारीगर जेवर देने में बहानेबाजी करता रहा। उन्होंने दबाव बनाया तो आरोप है कि कारीगर मोबाइल बंद कर फरार हो गया। उसका मोबाइल भी बंद आ रहा है। जिसके बाद रजत ने पूरे मामले की शिकायत पुलिस से की है। एसएचओ आलोक राव ने बताया केस दर्ज कर कारीगर की तलाश की जा रही है।

### व्यापारियों को जागरूक करने पैदल निकले एसीपी

**मोहनलालगंज** में बुधवार को एसीपी रजनीश वर्मा ने पुलिस टीम के साथ कस्बे में पैदल गश्त कर दुकानदारों और ज्वैलर्स को टप्पेबाजों से सावधान रहने के लिए सचेत किया।उन्होंने व्यापारियों को सुरक्षा के दृष्टिगत सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगवाने की सलाह दी। पैदल गश्त के दौरान एसीपी रजनीश वर्मा ने आमजन से रोड पर गाडियां खड़ी न करने और दुकानदारों से हाईवे को अतिक्रमण मुक्त रखने के लिए लोगों को टोंकते रहने की अपील की।

# जख्मी गोवंश को नहीं मिल सका इलाज, 1962 से भी नहीं मिली मदद

**संवाददाता।** मोहनलालगंज

**मऊ** में छुट्टा घूम रहे जख्मी बेजुबान का इलाज कराने में बुधवार को पशु प्रेमियों के पसीने छूट गए। फिर भी खून के रिसाव और दर्द से तड़प रहे बेजुबान को उपचार नही मिल सका। अलबत्ता जिम्मेदार विभाग एक दूसरे पर जिम्मेदारी डालकर पल्ला झाड़ते रहे। मोहनलालगंज नगर पंचायत के मऊ गांव में बड़ी मस्जिद के निकट एक जख्मी नर गोवंश कई दिनों से छुट्टा घूम रहा है। बेजुबान गोवंश बुरी तरह जख्मी है जिसके शरीर से लगातार खून का रिसाव हो रहा है। उसकी हालत देखकर कुछ पशु प्रेमियों ने बुधवार को पशुचिकित्सालय पर सूचना दी लेकिन किसी ने भी बेजुबान की सुध लेने की जरूरत नही समझी। फिर 1962 पर फोन कर बेजुबान का इलाज कराने की गुहार लगाई गई। जिसके बाद पशुपालन विभाग की एंबुलेंस तो पहुंची लेकिन कैटिल कैचर दस्ते के बिना इलाज कर पाने में असमर्थता जताकर टीम वापस लौट गई। पशु प्रेमियों ने एसडीएम का भी फोन लगाया लेकिन उनसे बात नही हो सकी। थकहार कर पशु प्रेमियों ने सीएम हेल्पलाइन के नंबर 1076 पर पूरे मामले की शिकायत दर्ज कराई है। हालांकि देर शाम तक भी बेजुबान गोवंश का उपचार करने कोई नही पहुंचा था। स्थानीय लोगों ने नर गोवंश का उपचार कर उसे आश्रय केन्द्र में संरक्षित कराने की मांग की है।

पायनियर
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 8 अगस्त, 2024



# सीएम योगी ने की कानून-व्यवस्था व विकास कार्यों की समीक्षा

- भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत अंबेडकर नगर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**संवाददाता।** अंबेडकर नगर



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ बुधवार को जनपद अम्बेडकर नगर में भ्रमण कार्यक्रम के अन्तर्गत अंबेडकर नगर हवाई पट्टी पर लगभग 12 बजे आगमन हुआ। जहां पर मंत्री जल शक्ति विभाग स्वतंत्र देव सिंह, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), खेल एवं युवा कल्याण विभाग प्रभारी मंत्री गिरीश चंद्र यादव, राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार आयुष खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग डॉ.दयाशंकर मिश्र दयालु ,विधान परिषद सदस्य, जिला प्रभारी पद्मसेन चौधरी, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री संजय प्रसाद, एम एल सी डॉ हरिओम पांडे,जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा, जिलाधिकारी अविनाश सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ.कौस्तुभ, भाजपा जिला अध्यक्ष त्रियंबक तिवारी, समेत विभिन्न जनप्रतिनिधियों, भाजपा नेताओं ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया। उसके बाद मुख्यमंत्री ने सर्किट हाउस पहुंचकर वहां पर जनपद के जनप्रतिनिधियों एवं पार्टी पदाधिकारी के साथ बैठक की।

तदोपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के विकास कार्यक्रमों कानून एवं शान्ति व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा जनपद में निर्वाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा ट्रांसफार्मर खराब होने की दशा में ग्रामीण क्षेत्रों मे अधिकतम 24 घंटे तथा शहरी क्षेत्रों में अधिकतम 12 घंटे के अंदर ट्रांसफार्मर बदलने हेतु निर्देशित किया गया तथा जिलाधिकारी को विद्युत आपूर्ति की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए गए। जल जीवन मिशन (हर घर जल योजना) के अंतर्गत कराए जा रहे समस्त ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने तथा इस योजना के तहत किए गए रोड कटिंग के कार्यों को शत प्रतिशत ठीक कराने के निर्देश अधिशासी अभियंता जल निगम को दिए गए। पशुपालन विभाग से पशुओं के टीकाकरण तथा अन्य व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी लिया गया। संबंधित विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि पशुओं का टीकाकरण शत प्रतिशत करा दिया गया है।

पशुपालन विभाग को निर्देशित किया गया कि कोई भी पशु इधर-उधर रोड पर व बाहर घूमते न मिले। पशु आश्रय स्थलों में पशुओं के लिए हरा चारा, स्थलों की साफ सफाई तथा अन्य सुविधाओं का विशेष ध्यान दें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि संचारी रोग के तहत मलेरिया, डेंगू पर प्रभावी नियंत्रण हेतु जागरूकता अभियान, फागिंग एवं एंटी लारवा का छिड़काव आदि की तैयारी पूर्व से ही करें।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को जनपद के अवशेष परिषदीय विद्यालयों को भी कायाकल्प के सभी मानकों से आच्छादित करने का कार्य शीघ्र पूर्ण करने तथा प्रत्येक विद्यालयों में शिक्षक- छात्र अनुपात को ठीक कराने के निर्देश दिए गए। जिला विद्यालय निरीक्षक को विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु नियमित विद्यालयों का भ्रमण करने के निर्देश दिए गए। लोक निर्माण विभाग को जनता से जुड़े महत्वपूर्ण मार्गों एवं जनहित से जुड़े मार्गों की सूची तैयार कर प्राथमिकता के आधार पर कार्य कराने के निर्देश दिए गए।

मेडिकल कॉलेज की कार्य पद्धति को ठीक करने व नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए। जिन तहसीलों में अग्निशमन केंद्र नहीं है वहां का प्रस्ताव प्रेषित करने के निर्देश दिए तथा उन्होंने पीएम सूर्य घरमुक्त विधुत योजना का व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए। समस्त नगर निकायों/नगर पंचायतो में स्वच्छता के साथ-साथ नगरीय जीवन से जुड़ी बुनियादी सुविधाओं यथा ड्रेनेज ,आवागमन आदि की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा सभी निकायों में कूड़ा प्रबंधन की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। जनपद के आकांक्षात्मक विकास खण्डों में सभी विभागों द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाएं।

# विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान में सोनभद्र प्रदेश में पहले स्थान पर

- आठ विभाग संयुक्त रूप से चला रहे हैं संचारी रोग नियंत्रण अभियान
- कुपोषित बच्चों को किया जा रहा चिन्हित
- जिले में सभी विभागों ने दिया है शत प्रतिशत योगदान

**संवाददाता।** सोनभद्र

**जिला** कार्यक्रम अधिकारी विनीत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान में जनपद सोनभद्र के साथ ही पूर्वांचल के तीन जनपद प्रदेश मे पहले स्थान पर हैं। सबसे अंतिम पायदान पर फ्तेहपुर जनपद है। उन्हाने बताया कि जनपद में आठ विभाग मिलकर संचारी रोग नियंत्रण अभियान चला रहे हैं। जिसमें पंचायती राज विभाग, नगर विकास विभाग, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, शिक्षा विभाग, स्वच्छ भारत मिशन, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग व स्वास्थ्य विभाग संयुक्त रूप से अभियान को पूरा कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि शासन द्वारा प्रदेश के सभी 75 जिलों की रैंकिंग जारी किया गया है जिसमें शासन द्वारा विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के दौरान प्रदेश के सभी जनपदो द्वारा पूरे माह में की गई गतिविधियों की भेजी गई रिपोर्ट के आधार पर रैंकिंग जारी किया है जिसमें सोनभद्र शत प्रतिशत परिणाम के साथ पहले स्थान पर है। उन्होंने बताया कि सोनभद्र के साथ ही जनपद बागपत व मऊ भी पहले स्थान पर हैं। उन्होंने कहा कि जिले मे सभी विभागों ने विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान में अपना शत-प्रतिशत योगदान किया है। जिसके चलते पूरे प्रदेश मे जनपद सोनभद्र को प्रथम स्थान मिला है। उन्होने कहा कि कुपोषित बच्चों को बेहतर खानपान व अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में कोई कमी नहीं छोड़ी जा रही है।

अभियान में आशा, आंगनबाड़ी और संगिनी कार्यकर्ता घर-घर जाकर कुपोषित और अति कुपोषित बच्चों की सूची बना रहीं है। फिर यह सूची एएनएम के जरिए ब्लाक मुख्यालय पर भेजी जाती है। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग कुपोषित व अति कुपोषित बच्चों को आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से पोषण पुनर्वास केंद्रों पर उपचार एवं पोषण की व्यवस्था उपलब्ध कराता है।

## बिशप मनोज चरण के डिप्टी मॉडरेटर बनने पर कर्मचारियों ने दी बधाई



**प्रयागराज।** चर्च ऑफ नार्थ इंडिया सीएनआई नई दिल्ली की कार्यकारिणी समिति की बैठक के दौरान भोपाल डायोसीज के राई रेव बिशप मनोज चरण को द मोस्ट रेव विजय नायक द्वारा सीएनआई सिनॉड के कार्यवाहक डिप्टी मॉडरेटर के रूप में नियुक्त किया गया है। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में सीएनआई सिनॉड के पदाधिकारियों के साथ साथ सीएनआई सिनॉड कार्यकारी समिति के सदस्य भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सीएनआई सिनॉड के महासचिव रेव डॉ अजिथ कुमार और सीएनआई सिनॉड के कोषाध्यक्ष सुब्रत गोराई तथा सीएनआई समिति के सदस्य राकेश छत्री उपस्थित थे। सीएनआई सिनॉड में कार्यवाहक उप मॉडरेटर के रूप में राई रेव मनोज चरण का आना गर्व का क्षण है। उत्तर भारत के चर्च के नेतृत्व में एक कदम आगे बढ़ने का संकेत है। इस अवसर पर लखनऊ डायोसिस के बिशप मोरिस एडगर दान ने बिशप मनोज चरण को बधाई दी। वहीं डायोसिस ऑफ लखनऊ कर्मचारी यूनियन संघ ने भी राई रेव बिशप मनोज चरण को बधाई दी। कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा ने बताया मॉडरेटर बिजय नायक के मार्गदर्शन में सीएनआई लगातार बड़ी और नई उपलब्धियों को हांसिल कर रहा है।

# विविधता से परिपूर्ण है दूरस्थ शिक्षा: प्रो सत्यकाम

**संवाददाता।** प्रयागराज



**दूरस्थ** शिक्षा का महत्व आज बहुत बढ़ गया है। दूरस्थ शिक्षा विविधता से परिपूर्ण है। यहां किन्नर जेल बन्दी ग्रामीण नौकरी पेशा लोगों तथा ग्रामीण महिलाओं के लिए कई तरह की सुविधा उपलब्ध है। इसके साथ ही मुक्त विश्वविद्यालय ने इसी सत्र 2024 25 से डिजिटल पाठ्य सामग्री लेने वाले छात्रों को प्रवेश शुल्क में 15 फीसद की एकमुश्त छूट प्रदान करने का निर्णय लिया है। यह जानकारी उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो सत्यकाम ने बुधवार को क्षेत्रीय केंद्र लखनऊ में आयोजित अध्ययन केन्द्रों के समन्वयकों की कार्यशाला नामांकन संवाद संपर्क एवं संप्रेषण में दी।

प्रो सत्यकाम ने कहा कि विश्वविद्यालय ने पहली बार समर्थ पोर्टल से प्रवेश शुरू किया है और इस बार हमने प्रथम वर्ष में एक लाख के प्रवेश लक्ष्य को सामने रखा है। जिसके लिए प्रदेश के सभी क्षेत्रीय केंद्रों में नामांकन बढ़ाने के लिए कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं।। प्रो सत्यकाम ने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि दूरस्थ शिक्षा पद्धति में स्व अध्ययन पाठ्य सामग्री सर्वश्रेष्ठ पाठ्य सामग्री है। पाठ्य पुस्तक एवं गाइड की तुलना में स्व अध्ययन सामग्री की श्रेष्ठता सिद्ध है।

मुक्त विश्वविद्यालय की अध्ययन सामग्री का अध्ययन करके यूपीएससी एवं लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं में अभ्यर्थी सफलता अर्जित करते रहे हैं। गत वर्ष एम ए समाजशास्त्र की एक छात्रा ने भारतीय प्रशासनिक सेवा में सफलता हासिल की। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षा की गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करना चाहता इसीलिए शिक्षकों से शीघ्रता से स्व अध्ययन पाठ्य सामग्री का निर्माण करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वह पिछड़े क्षेत्र की महिलाओं को शिक्षा के क्षेत्र में जागरूक करने के पक्षधर हैं। इसके लिए उन्होंने समन्वयकों का आह्वान किया कि पिछड़े क्षेत्र की महिलाओं को शिक्षा के लिए प्रेरित करें।

कार्यशाला में प्रवेश प्रभारी प्रोफेसर जे पी यादव ने विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप किए जा रहे समर्थ पोर्टल से प्रवेश की जानकारी दी। डॉ जी के द्विवेदी ने सेमेस्टर एवं वार्षिक परीक्षाओं से संबंधित जानकारी प्रदान की। कार्यशाला में आए हुए आगन्तुकों का स्वागत एवं विषय प्रर्वतन क्षेत्रीय समन्वयक डॉ निरांजलि सिन्हा ने किया।

कार्यशाला का संचालन सुमन वर्मा ने तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ अलका वर्मा ने किया। योग विषय के विद्यार्थियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए उन्होंने लखनऊ क्षेत्रीय केंद्र को योग हब के रूप में विकसित करने का ऐलान किया। इस अवसर पर जन संपर्क अधिकारी डॉ प्रभात चन्द्र मिश्र लेखाकार अवनीश चन्द्र तथा इंदु भूषण पाण्डेय उपस्थित रहे।

## सीबीएसई परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र हुए सम्मानित



**मुगलसराय, चन्दौली।** दुलहीपुर स्थित सनबीम स्कूल मुगलसराय में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा 12 के सत्र 2023-24 बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले होनहार छात्रों और अभिभावकों को सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह का प्रारंभ विद्यालय की निदेशिका श्वेता कानूडिया , विद्यालय की प्रधानाचार्या सौमिता चटर्जी व विद्यालय की डीन और उप - प्रधानाचार्या स्मृति खन्ना तथा उप- प्रधानाचार्य राम प्रताप सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया । कार्यक्रम में सर्वप्रथम छात्राओं ने गणेश वंदना प्रस्तुत करके सबका मन मोह लिया।

इस पुरस्कार सम्मान समारोह में बारहवीं की परीक्षा में सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 47 छात्र- छात्राएं पुरस्कृत हुए , जिन्होंने 90त्न से अधिक अंक अर्जित किए । चंदौली जिले के प्रावीण्य सूची में प्रगति शर्मा ने 99 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। संकायवार विद्यार्थी पुरस्कृत हुए जिनमें मानविकी संकाय से मीनल प्रिया (98.4 प्रतिशत), अंशिका यादव (97.2 प्रतिशत) । वहीं विज्ञान संकाय (गणित वर्ग) से आदित्य पांडेय (97.6 प्रतिशत) , वैभव कुमार (94.8 प्रतिशत) व प्रत्यूष पाल (93.6प्रतिशत) तथा विज्ञान संकाय (जीव विज्ञान वर्ग) से जोया सलीम (97.6प्रतिशत), गौरी पांडेय (95.6प्रतिशत), औचित्य त्रिपाठी (95.2प्रतिशत) और वाणिज्य संकाय से खुशी अग्रवाल (97.8प्रतिशत) आद्या गुप्ता (96.4प्रतिशत) कोमल चौधरी (96प्रतिशत) के साथ अन्य 35 छात्रों को मेडल और शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसी के साथ ही प्रगति शर्मा , आदित्य पांडेय जोया सलीम व खुशी अग्रवाल को नगद धनराशि से भी पुरस्कृत किया गया।

विद्यालय की निदेशिका श्वेता कानूडिया ने पुरस्कार प्रदान कर छात्र-छात्राओं को बधाई दी। साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा - कि प्रतिभासंपन्न विद्यार्थियों को उनकी मेहनत, लगन व संकल्प के आधार पर यह उपलब्धि मिली है जिसका उपयोग वह एक नवीन और विकसित समाज के निर्माण में करें।

विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए विद्यालय की प्रधानाचार्या ने कहा - कि समय बहुत बहुमूल्य होता है, जिसका सदुपयोग करना ही हमारे जीवन को सफल एवं सार्थक बनाएगा। आज लोगों की उम्मीद देश के युवाओं से है । उन्होंने युवाओं को अहम संदेश देते हुए कहा कि आप हर क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ काम करें, अपना हर पल हर क्षण अपने सपनों को समर्पित करें एवं अपने लक्ष्य पर केंद्रित करें। इस अवसर पर विद्यालय की डीन और उप - प्रधानाचार्या ने अपने संबोधन में कहा कि छात्रों को सम्मानित कर मैं स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रही हूं।

यह छात्र आने वाले समय में अपने जिले, प्रदेश और देश के विकास में अपना अहम योगदान निभाएंगे । साथ ही इस अभिनंदन समारोह में आये हुए अभिभावकों के प्रति धन्यवाद व्यक्त करते हुए उनके आगमन को छात्रों के लिए प्रेरणादायक बताया। इस अवसर पर विद्यालय की एच.आर. हेड श्रुति अग्रवाल सहित शिक्षक गण और अभिभावक गण उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने जनता से ध्वजारोहण को लेकर की अपील

**संवाददाता।** सोनभद्र



**जिलाधिकारी** बी0एन0 सिंह व पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हर घर तिरंगा अभियान के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ बैठक की, इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक नागरिक अपने आवास स्कूल तथा सरकारी कार्यालयों में तिरंगा झण्डा को सम्मान के साथ झण्डा संहिता का अनुपालन करते हुए फ्हराना है, झण्डे को यदि सरकारी परिसर में फ्हराया जाता है, तो सूर्यास्त के बाद सम्मान के साथ उतारना चाहिए, निजी आवासों एवं प्रतिष्ठानों पर लगाये जाने वाले झण्डों को उक्त समयावधि के उपरान्त आदर भाव के साथ उतार कर सुरक्षित रखा जायेगा।

झण्डे को उतारने के बाद किसी भी नागरिक के द्वारा इसे कहीं पर फेका नहीं जायेगा, उसे सम्मान के साथ फोल्ड करके रखा जाना चाहिए, हर घर पर झण्डा विधिवत् तरीके से लगाया जाना चाहिए, आधा झुका, फ्टा या कटा झण्डा लगाया जाना निषेध होगा।

जिलाधिकारी ने जनमानस को भारतीय ध्वज को फ्हराने व उसके सहेजने के लिए प्रेरित किया, ध्वज को सम्मानपूर्ण तरीके से ऐसी जगह लगाया जाए जहां से वह स्पष्ट रूप से दिखाई दे, ध्वज झुका हुआ न हो, फ्टा या मैला ध्वज नहीं फ्हराया जाता, किसी दूसरे ध्वज या पताका को राष्ट्रीय ध्वज से ऊंचा या ऊपर नहीं लगाया जायेगा, न ही बराबर में रखा जायेगा। ध्वज पर कुछ भी लिखा या छपा नहीं होना चाहिए, झंडे को किसी वस्तु को प्राप्त करने, देने, पकड़ने अथवा ले जाने के पात्र के रूप में प्रयोग नहीं किया जायेगा, ध्वज फ्ट जाये या मैला हो जाये तो उसे एकांत में दफ्नाकर पूरा नष्ट किया जायेगा, ऐसा करते समय फोटोग्राफी या वीडियो ग्राफी न करवाया जाए, नियमों का सख्ती से पालन हो, ऐसा न करने वालों पर कार्रवाई भी हो सकती है।

इस दौरान जिलाधिकारी ने जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन विभागों को हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत जो भी जिम्मेदारी दी गयी है, वह उसका अनुपालन ससमय सुनिश्चित करेंगें, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये, विभिन्न सामाजिक संस्थाओं का भी सहयोग लिया जायेगा, शहीद स्मारक स्थल, अमृत वाटिका पर वृक्षारोपण भी कराया जायेगा, स्कूलों में आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले छात्रों को पुरस्कृत भी किया जायेगा।

जिला क्रीड़ाधिकारी द्वारा फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार अपर जिलाधिकारी सहदेव कुमार मिश्र मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 अश्वनी कुमार उप जिलाधिकारी घोरावल राजेश सिंह, उप जिलाधिकारी ओबरा विवेक कुमार सिंह जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण जिला विद्यालय निरीक्षक जयराम सिंह जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे।

### जिलाधिकारी ने जनप्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह की अध्यक्षता में जन सुनवाई कक्ष में जनप्रतिनिधिगणों के साथ हर घर तिरंगा अभियान व ककोरी काण्ड के 100वीं वर्षगांठ मनाये जाने के सम्बन्ध में जनप्रतिनिधिगणों के साथ बैठक की गयी, बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जनप्रतिनिधिगण को सम्बोधित करते हुए कहा कि ककोरी काण्ड के 100वीं वर्षगांठ व हर घर तिरंगा अभियान को जनपद में हर्षोल्लास व गरिमा के साथ मनाया जाना है, काकोरी काण्ड के 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान प्रातः 08 बजे से चलाया जायेगा, नगरीय क्षेत्रों में भी 09 अगस्त से 15 अगस्त तक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा और विद्यालयों में प्रभातफेरी भी निकाली जायेगी, हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत प्रत्येक नागरिक अपने आवास स्कूल तथा सरकारी कार्यालयों में तिरंगा झण्डा को सम्मान के साथ झण्डा संहिता का अनुपालन करते हुए लगाना है।

## गंगा के बढ़ते जलस्तर से बढ़ रहा बाढ़ का खतरा

**गाजीपुर।** गंगा नदी के जलस्तर में लगातार वृद्धि होने से जहां हो रही कटान से शेरपुर पंचायत के किसान किंकर्तव्यविमूढ़ हैं। जलस्तर बढ़ने के बावजूद कटान का सिलसिला दूसरे दिन भी आंशिक रूप से जारी है। जबकि आमतौर पर पानी में घटाव तथा पछुआ हवा से कटान होती। यहां के किसान मदन राय, रमाशंकर, सहित कई कास्तकारों के खेत नदी में समाहित हुआ। दूसरी तरफ यदि नदी के जलस्तर में इसी रफ्तार से बृद्धि जारी रही तो गंगा के छाड़न भागड़ नालों में नदी का पानी आने से तटवर्ती इलाकों के गांवों में बाढ़ की आशंका से किसानों के माथे पर बल पड़ गया है। ज्ञात हो कि तटवर्ती क्षेत्रों के किसान इस समय बड़े पैमाने पर ब्यवसायिक खेती हेतू गोभी,मिर्च एवं टमाटर की नर्सरी तैयार कर चुके है। ऐसे में बाढ़ आई तो लाखों रूपये की नर्सरी चौपट होने से किसानों की कमर ही टुट जाएगी। नदी के तटवर्ती इलाके के गांवों के किसान बेहद चिंतित हैं। नदी के जलस्तर बढ़ने से तहसील प्रशासन अलर्ट है।

# ज्वाला देवी गंगापुरी में सम्पन्न हुआ छात्र संसद का शपथ ग्रहण समारोह

**संवाददाता।** प्रयागराज



**ज्वाला** देवी सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज गंगापुरी रसूलाबाद में बुधवार को छात्र संसद शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीपार्चन पुष्पार्चन एवं सरस्वती वन्दना के साथ हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य युगल किशोर मिश्र ने अतिथियों का परिचय कराया। कार्यक्रम की प्रस्ताविकी छात्र संसद प्रमुख आचार्य जनार्दन प्रसाद दुबे ने रखी। मुख्य अतिथि डीपीआरओ प्रयागराज रविशंकर द्विवेदी रहे। जबकि कार्यक्रम अध्यक्ष अवकाश प्राप्त आरटीओ निर्मल कुमार द्विवेदी रहे। मुख्य अतिथि द्वारा किशोर भारती कन्या भारती एवं शिशु भारती के प्रधानमंत्री अध्यक्ष उप प्रधानमंत्री उपाध्यक्ष सेनापति एवं उप सेनापति को शपथ दिलाई गई। अन्य विभागों के मंत्रियों को विधि पूर्वक शपथ ग्रहण कराया गया।

यश स्वरूप किशोर भारती तथा पलक कुशवाहा कन्या भारती की प्रधानमंत्री एवं दिव्यांश मिश्र शिशु भारती के अध्यक्ष चुने गए। सुमित दुबे तथा इंद्राणी सिंह उप प्रधानमंत्री एवं शिवा उपाध्यक्ष चुने गए।

जबकि अंश मिश्रा एवं सिद्धिका त्रिपाठी को सेनापति तथा रिद्धि दुबे को मंत्री चुना गया। विद्यालय में छात्रसंघ की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए मुख्य अतिथि रवि शंकर द्विवेदी ने कहा कि विद्या भारती के विद्यालयों में छात्र संसद का गठन किया जाना छात्रों के सर्वांगीण विकास की परिकल्पना का एक अभिन्न अंग है। हम सब की यह सोच रहती है कि हमारे छात्र शैक्षिक विकास के साथ साथ राजनीतिक सांस्कृतिक एवं क्रियात्मक रूप से इतने योग्य बने कि विद्यालय से निकलने के बाद वह देश और समाज को नई दिशा दे सकें।

छात्र संसद के माध्यम से विद्यार्थी में उत्तरदायित्व स्वीकार करने की क्षमता आती है तथा वह विद्यालय के अनुशासन बौद्धिक क्रियाकलाप और खेलकूद की गतिविधियों में सहायक सिद्ध होता है। जिससे छात्र का स्वयं विकास तो होता ही है विद्यालय की प्रत्येक गतिविधियां छात्र के माध्यम से ही सुचारू रूप से संचालित होती हैं। अध्यक्षीय उद्बोधन में निर्मल कुमार द्विवेदी ने विद्या भारती द्वारा गठित छात्र संसद के पदाधिकारियों को बधाई दी।

आभार ज्ञापन विद्यालय की आचार्या बेबिका राय ने किया। कार्यक्रम में राकेश कुमार यादव राजकमल राजेन्द्र मोहन ओझा सोमेन्द्र सिंह संजय पाल रीता विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की फिजा खान एवं ऋषिका ने किया। यह जानकारी प्रधानाचार्य युगल किशोर मिश्र ने दी।

## नाबालिग बालिका को भगाने के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बीजपुर, सोनभद्र।** स्थानीय थाना क्षेत्र की निवासिनी एक नाबालिक बालिका को बहला पुसला कर भगा ले जाने का आरोपी बुधवार को बीजपुर पुलिस के हत्थे चढ़ गया। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार मिश्र ने जानकारी देते हुए बताया कि बीजपुर निवासिनी एक महिला ने 6 अगस्त 2024 को थाने में आकर लिखित तहरीर के जरिए पुलिस को अवगत कराया कि उसकी 17 वर्षीया नाबालिक पुत्री को ग्राम सभा बीजपुर निवासी मुकेश कुमार केवट पुत्र कन्हैया लाल केवट 3 अगस्त 2024 को बहला पुसला कर कही भगा ले गया हैं। प्रभारी निरीक्षक श्री मिश्र ने महिला की तहरीर को गंभीरता से लेते हुए अपहरणकर्ता के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। समाचार लिखे जाने तक अपहरणकर्ता बीजपुर पुलिस के हत्थे चढ़ गया था। तथा पुलिस द्वारा उसके विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाई शुरु कर दी गयी थी।

## हिपेटाइटिस के बचाव टीके और उपचार पर डाला प्रकाश



**प्रयागराज।** सीएमपी डिग्री कॉलेज के प्राणीशास्त्र विभाग में हिपेटाइटिस पर विशेष व्याख्यान आयोजित हुआ। इस अवसर पर मोती लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज की ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन की सह आचार्या डॉक्टर रवि रानी मिश्रा ने हिपेटाइटिस रोग से संबंधित कारक बचाव टीका और उपचार आदि पर बृहद प्रकाश डाला। डॉ रवि रानी ने हिपेटाइटिस की गंभीरता और उससे होने वाली मृत्यु का आंकड़ा भी प्रस्तुत किया। व्याख्याता डा रवि रानी का स्वागत विभाग की संयोजिका डॉ विनीता जायसवाल और डॉ चारु त्रिपाठी ने किया। डॉ विनय कुमार सिंह और डॉ आशीष कुमार मिश्रा ने व्याख्यान को संयुक्त रूप से आयोजित किया। डॉ मनोज जायसवाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया। व्याख्यान के दौरान डॉ हेमलता पंत डॉ ज्योति वर्मा डॉ अजीत कुमार सिंह डॉ अनुराधा सहित महाविद्यालय के अन्य विभागों के प्रोफेसर उपस्थित थे।

## बीएड की परीक्षाएं सकुशल हुई सम्पन्न, दो नकलची पकड़े गए



**गाजीपुर।** स्नातकोत्तर महाविद्यालय,में पूर्वांचल विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित बी0एड0 की सेमेस्टर परीक्षाएं बुधवार को समाप्त हुई। विगत 07 दिनों से दूसरे और चौथे सेमेस्टर की चल रही बीएड की परीक्षा सकुशल संपन्न हुई। बी0एड0 की परीक्षा को लेकर प्राचार्य प्रोफे0 (डॉ0) राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि महाविद्यालय में परीक्षा के पूर्व प्रवेश करते समय एक-एक परीक्षार्थी की सघन जांच आंतरिक अनुशासन समिति के द्वारा की गई। इसके साथ ही आंतरिक उड़ाका दल भी समय - समय पर परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों के प्रयोग ना हो इस बात की पुष्टि करती रही। 07 दिनों तक चली परीक्षाओं में विश्वविद्यालय कर मानक का पूर्ण रूप से पालन किया था। सीसीटीवी की निगरानी में सभी परीक्षाएं हुई। बीएड प्रथम सेमेस्टर में 1170 एवं बीएड चतुर्थ सेमेस्टर में 1770 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। पूरी परीक्षा में दो परीक्षार्थी नकल करते हुए पकड़े गए। परीक्षा के दौरान आंतरिक उड़ाका दल एवं परीक्षा विभाग की ओर से सघन जांच के उपरांत थी परीक्षार्थियों को प्रवेश कक्ष में प्रवेश दिया जाता था।

# अपने घरों पर 13 से 15 अगस्त तक तिरंगा अवश्य फहराएं: जिलाधिकारी

संवाददाता। अमेठी



**जिलाधिकारी** निशा अनंत, पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह व मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में 9 अगस्त से काकोरी ट्रेन ऐक्शन शताब्दी समारोह एवं 13 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान की तैयारियों के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ बैठक कर महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिये।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने काकोरी ट्रेन एक्शन एवं हर घर तिरंगा कार्यक्रम के आयोजन को लेकर विस्तृत जानकारी दी। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि पंचायती राज विभाग एवं नगर विकास द्वारा समस्त शहीद स्मारकों, शहीद स्थलों की साफ-सफाई सुनिश्चित करा ली जाये तथा लाइटिंग की व्यवस्था करायी जाये और साफ-सफाई का विशेष अभियान चलाया जाये। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि काकोरी ट्रेन ऐक्शन शताब्दी 9 अगस्त से काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ का शुभारम्भ हो रहा है।

क्रान्तिकारियों के सम्मान में इसे जनपद में विभिन्न गतिविधियों के साथ 09 अगस्त से 09 अगस्त 2025 तक मनाया जायेगा, जिसमें विभिन्न तिथियों में कार्यक्रम आयोजित किये जायेगें जिसकी तैयारियॉ पूर्व से ही सुनिश्चित करा ली जाये। उन्होने बताया कि जनपदों में काकोरी ट्रेन एक्शन पर प्रसिद्ध इतिहासकारों/विशेषज्ञों द्वारा विद्यालयों/महाविद्यालयों में वाद विवाद प्रतियोगिता, चित्रकला एवं क्रान्तकारियों पर आधारित नाटक, सांस्कृतिक कार्यक्रम, काकोरी के शहीदो के याद में वृक्षारोपण आदि कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराया जाए। उन्होंने हर घर तिरंगा अभियान के सफल आयोजन हेतु विकास खण्डवार नोडल अधिकारियों को नामित कर दिया है जो विकास खण्डों में हर तिरंगा अभियान को सफल बनाएंगे।

# हर घर तिरंगा अभियान से जन-जन को जोड़ेगी भाजपा: शंकर गिरी



**गौरीगंज, अमेठी।** हर घर तिरंगा अभियान के निमित्त गौरीगंज स्थित भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर बैठक आहूत हुई जिसकी अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष राम प्रसाद मिश्र ने की। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश मंत्री जिला प्रभारी शंकर गिरी रहे। बैठक से पहले मुख्य अतिथि शंकर गिरी एवं भाजपा जिला अध्यक्ष राम प्रसाद मिश्रा विधान परिषद सदस्य शैलेंद्र प्रताप सिंह के साथ प्रेस वार्ता को भी संबोधित किया।

प्रदेश मंत्री शंकर गिरी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा की स्वतंत्रता दिवस पर 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान का आयोजन होगा इस अभियान के तहत पार्टी जन-जन को जोड़ेगी इसका उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्र प्रेम की भावना को जागृत करते हुए स्वतंत्रता प्रति के प्रति सम्मान का भाव उजागर करना है। उन्होंने कहा कि 12 से 14 अगस्त तक सभी महापुरुषों की प्रतिमा एवं स्मारकों आसपास स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे महापुरुषों की प्रतिमाओं एवं स्मारकों पर माल्यार्पण होगा आगे कहा कि 14 अगस्त विभाजन विभीषिका स्मृति मानव विस्थापन एवं मजबूरी में पलायन की दर्दनाक कहानी बयां करता है। विभाजन के काले अध्याय को याद करते हुए लाखों की संख्या में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी जाएगी एवं प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी आगे अपने संबोधन में कहा कि युवा मोर्चा के द्वारा 11 12 13 अगस्त को प्रत्येक विधानसभा में तिरंगा यात्रा का भी आयोजन किया जाएगा।

# प्रशासन व सामाजिक संगठनों ने जनपद में चलाया पौधरोपण अभियान

संवाददाता। संतकबीरनगर



**जिलाधिकारी** महेंद्र सिंह तंवर द्वारा शासन की मंशा के क्रम में जनपद को स्वच्छ, सुन्दर व जैव-विविधता के दृष्टिकोंण से समृद्ध बनाने की कल्पना को साकार करने की दिशा में सामाजिक संगठनों/कार्यकर्ताओं, वॉलन्टियर्स व पर्यावरण प्रेमियों के सहयोग से आज जनपद के समस्त राजस्व गांवों में पूर्व चिन्हित स्थानों पर हरियाली अभियान चलाकर हरिशंकरी (पीपल, बरगद और पाकड़ एक साथ) का पौधा रोपित किया गया।

जनपद के समस्त राजस्व गांवो में हरिशंकरी पौधरोपण अभियान में आज जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर व पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता द्वारा सांड़े कला, बघौली के जंगल कला गांव में अमृत सरोवर के पास हरिशंकरी पौधा का रोपण किया गया। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख बघौली, उपायुक्त मनरेगा प्रभात द्विवेदी सहित कस्तूरबा बालिका विद्यालय की छात्रायें सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे। इसी क्रम में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा बघौली विकास खण्ड के बगल भी हरिशंकरी पौधा का रोपण किया गया।

जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने हरिशंकरी का पौधा रोपित करते हुए आम जनमानस को वृक्षों का महत्व एवं अधिक से अधिक वृक्ष लगा कर पर्यावरण को संरक्षित करने का संदेश भी दिया। उन्होंने कहा कि वृक्ष हमारे पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए अत्यंत आवश्यक है, पर्यावरण को बचाए रखना हम सब की जिम्मेदारी है तथा हम सभी को भविष्य के दृष्टिगत इस जिम्मेदारी का निर्वहन करना आवश्यक है। जिलाधिकारी ने एक दिन में जनपद के शत-प्रतिशत राजस्व ग्रामों में हरिशंकरी का पौधा रोपित कर हरियाली अभियान की सफलता एवं जैव-विविधता को समृद्ध बनाने की दिशा में एक मजबूत कड़ी को जोड़ने में सामाजिक संगठनों लोक भारती, आरएसएस, गायत्री परिवार, आर्य समाज, पतंजली, रोटरी क्लब, भारतीय किसान संघ, कबीर मिशन, एनसीसी, स्काउड गाइड, एनएसएस, व्यापार मंडल सहित अन्य सभी सामाजिक/धार्मिक संगठनों के समर्पित कार्यकर्ताओं को हार्दिक धन्यवाद व बधाई देते हुए कहा कि हरिशंकरी पौधरोपण एवं उसके संरक्षण में स्थानीय सामाजिक, स्वैच्छिक कार्यकर्ताओं की ही अग्रणी भूमिका है

# एंथे एईएसएल की राष्ट्रीय छात्रवृत्ति परीक्षाएं 19 से 27 अक्टूबर तक होंगी




**रायबरेली।** आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ईएसएल ने अगले डॉ कलाम डॉ एचजी खुराना डॉ एमएस स्वामीनाथन और सर जेसी बोस की तलाश में एंथे 2024 लांच किया आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड एईएसएल ने अगले डॉ कलाम, डॉ एचजी खुराना, डॉ एमएस स्वामीनाथन और सर जेसी बोस की तलाश में एंथे 2024 लांच किया अपनी प्रमुख छात्रवृत्ति परीक्षा एंथे के गौरवशाली 15 वर्ष पूरे करते हुए आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ;एईएसएलद्ध परीक्षण तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणीए गर्व से बहुप्रतीक्षित आकाश नेशनल टैलेंट हंट एग्जाम के नवीनतम संस्करण के लांच की घोषणा की। एंथे 2024 के लांच के साथए विज्ञान और प्रौद्योगिकी में अगले दूरदर्शी लोगों की तलाश शुरू हो गई है। एंथे छात्रवृत्ति प्राप्तकर्ताओं को आकाश के व्यापक कोचिंग कार्यक्रमों से लाभ होगाए जो छात्र नीटए जेईईए राज्य सीईटी और एनटीएसई और ओलंपियाड जैसी छात्रवृत्ति परीक्षाओं के लिए तैयारी करते हैं। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड एईएसएल के सीईओ और एमडी दीपक मेहरोत्रा ने कहा एंथे ने अनगिनत छात्रों की आकांक्षाओं और क्षमताओं के बीच अंतर को पाटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एंथे 2024 के साथए हम भविष्य के डॉक्टरों और इंजीनियरों को विकसित करने और अगले एपीजे अब्दुल कलामए एचजी खुरानाए एमएस स्वामीनाथन और जेसी बोस की तलाश के लिए एक राष्ट्रीय प्रतिभा खोज शुरू कर रहे हैं जो अग्रणी काम करेंगे और विज्ञान प्रौद्योगिकी इंजीनियरिंग और गणित के क्षेत्र में भारत को गौरवान्वित करेंगे।

# एफजीआईईटी में टेबलेट वितरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**रायबरेली।** फीरोज़ गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित डिजी शक्ति, स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना अभियान के तहत संस्थान के बी टेक व एमसीए् अंतिम वर्ष के 346 छात्र छात्राओं को टेबलेट मुख्य अतिथि बुद्धि लाल पासी जिलाध्यक्ष भाजपा तथा विशिष्ट अतिथि दल बहादुर सिंह ब्लॉक प्रमुख जगतपुर द्वारा वितरित किए गए। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बुद्धि लाल पासी तथा विशिष्ट अतिथि दल बहादुर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि माननीय मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप छात्र.छात्राओं तक नवीन टेक्नोलॉजी की पहुंच आसान बनाने हेतु टेबलेट वितरण किया जा रहा है। इस अभियान से लाखों छात्रछात्राओं को लाभ मिलेगा व शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकेंगे। संस्थान के निदेशक डॉ दिग्विजय सिंह चौहान ने बताया कि अभियान के तहत प्रथम चरण में 346 टेबलेट संस्थान के अंतिम वर्ष के छात्र छात्राओं को वितरित किया जा रहा है। कार्यक्रम के संयोजक मनोज कुमार वर्मा ने बताया कि अभियान के तहत टेबलेट संस्थान के सत्र 2023.24 के बीटेक् व एमसीए् अंतिम वर्ष के छात्र.छात्राओं को वितरित किया जा रहा है।

# सलोन के नारायण पैलेस में आयोजित हुई पेंशन संगोष्ठी

**रायबरेली।** कर्मचारियों की पुरानी पेंशन के लिए लड़ने वाले पेंशन पुरुष के नाम से मशहूर अटेवा के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार बंधु ने सलोन में कर्मचारियों के साथ संगोष्ठी की। सलोन कस्बा के ऊंचाहार मार्ग पर स्थित नारायण पैलेस में आयोजित संगोष्ठी में उन्होंने कहा कि जब तक हर कर्मचारी को पुरानी पेंशन नहीं मिलेगी तब तक हमारा संघर्ष उनके हित मे जारी रहेगा। ऑल टीचर्स एंड एम्प्लाइज वेल्फेयर एसोसिएशन (अटेवा) के प्रदेश अध्यक्ष और नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम (एनएमओपीएस) के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बन्धु ने कहा कि देश के हालात ये हैं कि सीमा पर देश की रक्षा करने वाले अर्द्ध सैनिक बल को पेंशन नहीं दी जा रही है। संसद से लेकर विधानसभा तक में चुनकर जाने वाला नेता हर बार जीतने के बाद पेंशन ले रहा है। कोई विधायक व सांसद 8 तो कोई चार पेंशन ले रहा है। देश में ये दोहरी व्यवस्था आखिर क्यों लागू है।

# महिला ग्राम प्रधान को पति देता था यातना फरियाद पर डीएम ने की कड़ी कार्रवाई



**श्रावस्ती।** भिनगा जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कक्ष में आयोजित जनता दर्शन में एक साथ फरियादियों की समस्याओं को सुना इसी दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को महिला प्रार्थी श्रीदेवी पासवान निवासी ग्राम पटखौली तहसील इकौना के द्वारा अवगत कराया गया कि वह गांव की वर्तमान ग्राम प्रधान भी है उनके पति द्वारा उन्हें कमरे में बन्द करके शारीरिक यातनाएं दी जा रही थीं।

लेकिन कल मंगलवार को उनके पति द्वारा उन्हें प्लास्टिक से जलाकर दागा गया और बाद में हंसियें से उनका कान काट लिया गया। इस प्रकरण की गम्भीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम पीड़ित महिला को महिला कांस्टेबल के साथ सुरक्षा प्रदान करते हुए चिकित्सीय उपचार दिलाये जाने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उन्होने सम्बन्धित पुलिस क्षेत्राधिकारी एवं थानाध्यक्ष को निर्देश दिया कि पुलिस बल के साथ मौके पर जाकर प्रकरण की जांच कर सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित करें। इस सम्बंध में पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया द्वारा क्षेत्राधिकारी इकौना संतोष कुमार को निर्देशित किया गया जिस पर प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह थाना इकौना जनपद श्रावस्ती व अपराध निरीक्षक दिलीप कुमार यादव मय हमराह के द्वारा अभियुक्त बलराम को इण्डियन बैक सेमगढा के पास से गिरफ्तार किया गया। उक्त अभियुक्त थाना इकौना का हिस्ट्रीशीटर अपराधी है इसके विरुद्ध चोरी लूट हत्या का प्रयास आर्म्स एक्ट सहित अन्य गंभीर धाराओं के 14 अभियोग पंजीकृत है

# ओवरब्रिज के निर्माण कार्यों का डीएम ने लिया जायज़ा



**गोंडा।** बुधवार को डीएम नेहा शर्मा ने महादेवा रेलवे क्रॉसिंग, सोनी गुमटी रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज सेतु निर्माण निगम के कार्यों की प्रगति का औचक निरीक्षण कर जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने वहां पर उपस्थित रेलवे एवं सेतु निगम तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा है कि सभी ओवरब्रिज पर चल रहे कार्यों में तेजी लाकर निर्धारित समय से तैयार करना सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने सेतु निगम व रेलवे के अधिकारियों से कहा है कि आपस में संवाद स्थापित करते हुए बचे हुए कार्यों में तेजी लाकर समय से पूर्ण करायें।

# उपलब्ध उर्वरक की सूची मूल्य सहित केन्द्र पर हो चस्पा: जिलाधिकारी

- किसान यूनियन के पदाधिकारियों के साथ डीएम ने की बैठक

संवाददाता। श्रावस्ती



**जिलाधिकारी** अजय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में जनपद में गठित किसान यूनियन के पदाधिकारियों के साथ किसानों की समस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक की गई जिसमें किसान यूनियन के पदाधिकारियों द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि जनपद के कुछ सहकारी समितियों में उर्वरक उपलब्ध नहीं है। जिस पर एआर को-आपरेटिव द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि जनपद के 06 साधन सहकारी समितियों को छोड़कर शेष समस्त सहकारी समितियों पर उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित करा दी गई है शेष 06 साधन सहकारी समितियों पर दो दिवस के अन्दर उपलब्ध करा दिया जाएगा। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि समस्त साधन सहकारी समितियों की सूची तथा सचिव का मोबाइल नम्बर किसान यूनियन के पदाधिकारियों एवं कृषक सदस्यों को उपलब्ध करा दी जाए तथा समिति पर उपलब्ध उर्वरक की सूची मूल्य सहित साधन सहकारी समितियों के केन्द्र पर चस्पा कर दी जाए।

जिससे कृषकों को किसी भी प्रकार की समस्या न होने पाए जिलाधिकारी ने जिला कृषि अधिकारी को यह भी निर्देशित किया गया कि उर्वरक की कालाबाजारी रोकने हेतु समय-समय पर उर्वरक विक्रेताओं के दुकानों से नमूना संकलित कर जांच हेतु भेजा जाए जिससे नकली उर्वरक से किसानों को बचाया जा सके।

इसके अतिरिक्त किसान यूनियन पदाधिकारियों ने डीएम को अपने क्षेत्र की सम्मस्यो को अवगत कराया जिसे जिलाधिकारी उनकी समस्याओं को निराकरण कराने का आश्वासन दिया।

# अज्ञात चोरों ने दो घरों से हजारो का माल किया साफ

**जगदीशपुर, अमेठी।** बीती रात अज्ञात चोरों नें दो घरों मे घुसकर जेवर नगदी समेत हजारों का माल लेकर फरार हो गए सुबह भुक्तभोगियों ने घटना की तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की। थानाक्षेत्र के अंतर्गत सिधियावा गांव निवासी अजमत उल्ला की दीवार फांदकर कमरे मे रखा सोने चांदी के जेवरात व अन्य कीमती सामान चुरा लिया इसके बाद उपरोक्त गांव निवासी साहिद अहमद के घर मे घुस गए तथा आलमारी तोड़कर बारह हजार नगदी व सोने चांदी के जेवरात उठा ले गए सुबह परिजनो के जागने पर सामान गायब देख उनके होश उड़ गए आसपास तलाश करने पर कोई सुराग नही मिला तब घटना की तहरीर पुलिस को देकर कार्यवाई की मांग किया इस संबंध मे पुलिस ने बताया कि तहरीर मिलने के उपरांत मुकदमा पंजीकृत कर छानबीन की जा रही है जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

# हर घर तिरंगा कार्यक्रम का मकसद राष्ट्र प्रेम की भावना को जागृत करना: जिलाधिकारी

- 13 से 15 अगस्त तक होगा हर घर तिरंगा अभियान का होगा आयोजन
- खादी से निर्मित ध्वज का ही आरोहण करें
- सूर्योदय के उपरांत करें ध्वजारोहण, सूर्यास्त के साथ उतारना चाहिए

संवाददाता। उरई, जालौन

**जिलाधिकारी** राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार की अध्यक्षता में विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में बैठक कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के मन मे राष्ट्र प्रेम की भावना को जागृत करते हुए स्वतंत्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान का भाव उजागर करना है। इसी के दृष्टिगत पुनः 13 से 15 अगस्त 2024 के मध्य सम्पूर्ण देश मे हर घर तिरंगा अभियान का आयोजन किया जा रहा है।

उन्होंने निर्देशित किया कि जेम पोर्टल, ऑन लाइन शॉपिंग पोर्टल पर उपलब्ध झण्डों के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए आमजनमानस को प्रेरित किया जाए साथ ही राशन की दुकानों, पेट्रोलपम्प, घरेलू गैस विक्रय केंद्रों, ग्राम पंचायत भवनों, तहसील, विकास खण्ड कार्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों, जनसुविधा केंद्रों आदि में झण्डों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि 13 से 15 अगस्त 2024 तक आमजनमानस को अपने-अपने घरों, कार्यालयों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों, शैक्षणिक प्रतिष्ठानों, आंगनबाड़ी केंद्रों, अस्पतालों एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों में एफएम रेडियो चौनल, स्थानीय केबिल नेटवर्क, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, टोल प्लाजा, बस स्टेशनों आदि के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार कर झण्डा फहराने हेतु प्रेरित किया जाए।

मीटिंग में उपस्थित अधिकारियों को संबोधित करते हुये जिलाधिकारी ने कहा कि समस्त सरकारी कार्यालय, शिक्षण संस्थान खादी से निर्मित ध्वज का ही आरोहण करेंगे। खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग द्वारा खादी से निर्मित ध्वजों की पर्याप्त मात्रा में आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को अपने आवास, स्कूल तथा सरकारी कार्यालयों में झण्डा सम्मान के साथ झण्डा संहिता का अनुपालन करते हुए फहराना है। झण्डा फहराते समय सदैव केसरिया रंग की पट्टी झण्डे के ऊपर की तरफ होनी चाहिए। झण्डे को यदि सरकारी परिसर में फहराया जाता है तो सूर्योदय के उपरांत ध्वजारोहण किया जाना चाहिए तथा सूर्यास्त के साथ ही सम्मान के साथ इसे उतारना चाहिए।

उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि उक्त आयोजन के सम्बंध में शासन से निर्गत आदेशों का प्राइवेट शिक्षण संस्थाओं द्वारा भी पूर्ण रूप से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका, नगर पंचायत को निर्देशित किया कि 13 से 15 अगस्त 2024 समस्त सरकारी भवनों पर तिरंगा लाइटिंग कराई जाए साथ ही स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े समस्त स्थलों की सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करे एवं साइनेज भी लगवाए जाएं।

# बाढ़ के हालातों से निपटने के लिए प्रशासन तैयार, कंट्रोल रूम से रहेगी पल-पल की खबर

- नायब तहसीलदार को सौंपा गया कंट्रोल रूम प्रभारी का दायित्व
- 24 घंटे कंट्रोल रूम में मौजूद रहेंगे दो कर्मचारी
- कंट्रोल रूम के नंबरों पर आम जनता भी दर्ज कर सकती सूचना
- कालपी के चार व माधौगढ़ तहसील के तीन गांव आंशिक रूप से प्रभावित

संवाददाता। उरई, जालौन

**वर्ष** 2003 में नगर के बाढ़ के हालातों को देखते हुए प्रशासन किसी भी तरह की कोई शिथिलता नहीं रखना चाहता यही वजह है कि इस बार भी बाढ़ की आशंकाओं को देखते हुए आम जनमानस की सुरक्षा के तौर पर प्रशासन ने व्यापक प्रबंध बनाए हैं इसी क्रम में जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट परिसर में बाढ़ के दृष्टिगत समस्याओं के निराकरण एवं प्रभावी नियंत्रण हेतु कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है यह कंट्रोल रूम 24 घंटे खुला रहेगा जहां दो कर्मचारियों की ड्यूटी सदैव सुनिश्चित रखी जाएगी जिसके लिए अलग-अलग पारियों में कर्मचारियों के नाम तय कर दिए गए हैं यही नहीं कंट्रोल रूम के प्रभारी की जिम्मेदारी नायब तहसीलदार सीलिंग भूलेख हरदीप कुमार को सौंपी गई है।

अपर जिला मजिस्ट्रेट संजय कुमार के आदेश के क्रम में बताया गया है कि जनपद में बाढ़ के दृष्टिगत समस्याओं के निराकरण एवं प्रभावी नियंत्रण हेतु कलेक्ट उरई परिसर में राहत कंट्रोल रूम स्थापित कराया गया है जो की 24 घंटे खुला रहेगा यह भी जानकारी दी गई की उक्त कंट्रोल रूम में अलग-अलग समय पर दो-दो कर्मचारी तैनात रहेंगे पंचायती राज विभाग के कर्मचारी दशरथ और महाराज सिंह को प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 तक तथा मुन्नालाल और दिलीप कुमार बेदी को दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक तथा आशीष झा और गजराज को रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक ड्यूटी देना निर्धारित किया गया है अपर जिला मजिस्ट्रेट ने यह भी जानकारी दी की कंट्रोल रूम का दूरभाष नंबर 05162- 257090 के अलावा मोबाइल नंबर 7307564 677 है जहां पर कोई भी सूचना दी जा सकती है।

बुधवार को प्रातः 8 बजे यमुना नदी का जल स्तर 104.950 मीटर था। यह जल स्तर गत वर्ष के जल स्तर से 4 मीटर अधिक है। यद्यपि जनपद में यमुना नदी का जल स्तर खतरे का निशान 108 मीटर है किन्तु यमुना नदी के कुछ तटवर्ती गांव में पानी आने से खेतों में पानी भर गया तथा कृषि भूमि प्रभावित हुई है। तहसील कालपी के रायड़ दिवारा तथा पड़री गांव जाने के रास्ते में पानी भर गया है।

# खनिज संपदा का दोहन करने के बाद भी है बुंदेलखंड पिछड़ेपन का शिकार



**जालौन, उरई।** खनिज संपदा से भरपूर बुंदेलखंड से खनिज संपदा का दोहन तो किया जाता है लेकिन बुंदेलखंड के पिछड़ेपन को दूर करने के लिए राजनैतिक दल कोई प्रयास नहीं करते हैं। उल्टा बुंदेलखंड में स्थापित उद्योग बंद हो चुके हैं। जिससे युवाओं का पलायन हो रहा है।

इसको लेकर बुंदेलखंड अधिकार मंच के तत्वावधान में सात लोगों को प्रतिनिधि मंडल साइकिल से यात्रा कर दिल्ली के लिए रवाना हुआ। जहां प्रतिनिधि मंडल सत्तापक्ष व विपक्ष के सदस्यों से भेंट करके समस्याओं के समाधान की मांग करेगा। बुंदेलखंड अधिकार मंच के तत्वावधान में संस्थापक अमित खंगार के साथ हिमांशु खंगार उरई, हरीमोहन पांचाल उरई, रमेश सिंह व शंकर सिंह कर्वी चित्रकूट समेत सात लोगों का प्रतिनिधिमंडल साइकिल से दिल्ली के लिए रवाना हुआ है। देवनगर चौराहे से निकलते हुए संस्थापक अमित खंगार ने बताया कि बुंदेलखंड खनिज संपदा से भरपूर क्षेत्र है। इस क्षेत्र की खनिज संपदा का जमकर दोहन किया जा रहा है। लेकिन इस क्षेत्र के विकास के लिए कोई भी दल योगदान नहीं दे रहा है। माधौगढ़ में चीनी मिलें बंद हो चुकी हैं। कालपी में कागज उद्योग बंदी की कगार पर है। क्षेत्र में जो भी उद्योग था वह बंद पड़ चुका है। उरई में कई फैक्ट्री बंद पड़ी हैं। मजबूरी में क्षेत्र के युवा पलायन करने को मजबूर हैं।

# राज्यपाल ने डीएम जालौन को दिए नगर पंचायत कदौरा में कार्रवाई के आदेश

- सभासद ने कदौरा चेयरमैन सहित अन्य जिम्मेदारों पर लगाए थे भ्रष्टाचार के आरोप

संवाददाता। कदौरा, जालौन

**नगर** पंचायत कदौरा का मामला अब उत्तर प्रदेश के महामहिम राज्यपाल तक पहुंच गया है। उत्तर प्रदेश के राज्यपाल के विशेष सचिव ने डीएम जालौन को पत्र भेजकर नियमानुसार कार्यवाही के आदेश दिए है। पत्र जारी होते ही जिम्मेदारों में हड़कंप मच गया। गौरतलब है कि भ्रष्टाचार को लेकर अपनी अलग पहचान बना चुकी नगर पंचायत कदौरा लगातार सुर्खियों में बनी हुई है।

नगर पंचायत में हुए भ्रष्टाचार को लेकर शासन और नगर विकास विभाग राहत देने के मूड में नहीं दिख रहे है। सभासद अंकित कुमार ने विगत तीन माह पूर्व लोक आयुक्त से लेकर महामहिम राज्यपाल से शिकायत की थी। जिसमें लोक आयुक्त की जांच प्रचलन में है। वही 30 जुलाई को राजपाल श्रीमती आनंदी बेन के विशेष सचिव श्रीप्रकाश गुप्ता ने डीएम जालौन को जारी किए पत्र में कार्यवाही के आदेश दिए है। पत्र जारी होते ही जिम्मेदारों ने हड़कंप मच गया।

उल्लेखनीय हो कि सभासद ने चेयरमैन द्वारा रिश्तेदारों के नाम चेक काटना, निजी किराने की दुकान में आउट सोर्सिंग कर्मियों से कार्य करवाना, पति द्वारा अध्यक्ष पत्नी के हस्ताक्षर करना, आउट सोर्सिंग भर्ती में शासनादेश का पालन न करना, कार्यालय की शक्तियों का दुरुप्रयोग करना, निजी किराने की दुकानों का भुगतान पंचायत निधि से करना,बाबू के नाम दर्जनों चेक काट कर धनराशि का बंदर बांट करना आदि शिकायतों पर संज्ञान लिया है। सभासद ने बताया कि शासन स्तर की एक दर्जन से अधिक चल रही जांचों में अलग अलग उच्च स्तरीय कमेटी गठित है। जो मामले में गहन समीक्षा कर रही है।

ऐसा पहली बार हुआ है कि नगर पंचायत जैसी छोटी संस्था में राज्यपाल का हस्तक्षेप हुआ है जानकारों कि माने तो यह चेयरमैन के अधिकार सीज होने की आहट है। क्योंकि किसी निकाय के अध्यक्ष के अधिकार सीज करने के लिए महामहिम राज्यपाल की टिप्पणी बेहद महत्वपूर्ण मानी जाती है।

साथ ही रिकवरी सहित अन्य कानूनी कार्यवाही होने के भी संकेत मिल रहे है। जांचों कि लंबी लिस्ट होने के कारण कोई अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत में नहीं आना चाहता है। शासन ने 29 जून को अधिशाषी अधिकारी ऋचा यादव की पोस्टिंग कदौरा नगर पंचायत में की थी। लेकिन उन्होंने जब शिकायतों और जांचो को देखा तो अपना ट्रांसफर प्रतापगढ़ करा लिया।

